डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



PG-5

# आधुनिक समाचार



PG-5

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमा-काले सूट में कमर मटकाती नजर आई सपना

वर्ष -08 अंक -130 प्रयागराज, शुक्रवार 29, जुलाई, 2022 पृष्ठ- 8 मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने दी हस्तक्षेप याचिका की अनुमति

**नई दिल्ली ।** कुछ प्रावधानों पर जताई गई है आपत्तिपूजा स्थल अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिका में कहा गया है कि अधिनियम हिंदुओं, जैनियों, बौद्धों और सिखों के अधिकारों को छीनता है, जिससे आक्रमणकारियों द्वारा नष्ट किए गए उनके पूजा स्थलों और तीर्थस्थलों की बहाली का रास्ता मुश्किल हो जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 की कुछ धाराओं की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं को इसी मुद्दे पर पहले से लंबित याचिकाओं में हस्तक्षेप आवेदन दायर करने की स्वतंत्रता दी। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने लंबित मामलों के साथ याचिकाओं को टैग करने से इनकार कर दिया और कहा कि वे मुख्य याचिका में अपनी बात रख सकते हैं। सुनवाई के दौरान पीठ ने पूछा कि इस मुद्दे पर कितनी याचिकाएं दायर की जाएंगी और कहा कि वे हस्तक्षेप आवेदन दायर कर सकते हैं। एक याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि इन नई याचिकाओं को लंबित याचिकाओं के साथ जोड़ा जा सकता है। इस पर पीठ ने द्विवेदी से पूछा कि याचिकाकर्ता लंबित मामले में हस्तक्षेप क्यों नहीं करते? द्विवेदी ने कहा कि अब पीठ के समक्ष याचिकाओं को टैग किया जा सकता है और रजिस्ट्री को उसी मुद्दे पर आगे की याचिकाओं पर विचार नहीं करने के लिए कहा जा सकता है।

## खड़गे की सभापति से अपील सोनिया के खिलाफ टिप्पणियां हटाएं

**नई दिल्ली ।** दोनों सदन कल तक स्थगितसंसद के मानसून सत्र में शुक्रवार का दिन भी हंगामे की भेंट चढ़ गया। दोनों सदनों में थोड़ी देर भी चर्चा हो न सकी। जैसे ही दिन की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्षी सांसद हंगामा करने लगे। इसके चलते राज्यसभा व लोकसभा को पहले दोपहर 12 बजे तक स्थगित किया गया। जैसे ही दोबारा कार्यवाही शुरू हुई, फिर से हंगामा शुरू हो गया, जिसके बाद दोनों सदनों की कार्यवाही को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने सदन के सभापति को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि वह 28 जुलाई को सदन में केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा सांसदों निर्मला सीतारमण और पीयूष गोयल द्वारा सोनिया गांधी पर की गई टिप्पणी को हटा दें। मल्लिकार्जुन खड़गे के पत्र में आगे लिखा गया है कि मैं यह भी अनुरोध करता हूं कि वे सदन की पवित्र परंपराओं के उल्लंघन के लिए माफी मांगें। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा, कल संसद में मेरे खिलाफ हंगामा हो रहा था, लेकिन मुझे जवाब देने का मौका ही नहीं दिया गया। उन्होंने कहा, कल जिस तरह से सोनिया गांधी पर निशाना साधा गया, उस पर सरकार को काफी मांगनी चाहिए। जो विवाद हो रहा है, उसके केंद्र में मै हूं। इसके बावजूद भाजपा सोनिया गांधी पर हमला कर रही है। उन्होंने कहा, मैंने ससंद में अपना जवाब देने के लिए मौका मांगा है। संसद के मानूसन सत्र में शुक्रवार का दिन हंगामे की भेंट चढ़ गया। विपक्ष के हंगामे के चलते थोड़ी देर भी संसद कार्यवाही चल न पाई। पहले दोनों सदनों को दोपहर 12 बजे तक स्थगित किया गया। जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, फिर से हंगामा शुरू हो गया। इसके चलते दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की शुक्रवार की कार्यवाही एक बार फिर हंगामे के साथ शुरू हुई। राज्यसभा में सांसदों के निलंबन, सोनिया गांधी व स्मृति ईरानी के बीच नोंकझोंक, महंगाई व बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर विपक्षी दलों के सांसदों ने हंगामा किया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दिया गया। राजद सांसद मनोज कुमार ने भारत में मानसिक स्वास्थ्य देखभाल के मुद्दे पर राज्यसभा में शून्यकाल नोटिस दिया है। कांग्रेस राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, अधीर रंजन चौधरी माफी मांग चुके हैं। इसके बावजूद भाजपा सोनिया गांधी से माफी की मांग कर रही है। उनके खिलाफ नारे लगा रही है। यह जानबूझ कर किया जा रहा है, जिससे महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर चर्चा से बचा जा सके।



कांग्रेस सांसद के.सुरेश ने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया है। उन्होंने कहा, भाजपा सांसदों व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा वरिष्ठ सांसद और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जी को धमकाना डराने वाला प्रयास है। यह संवैधानिक मूल्यों पर हमला और संसदीय शिष्टाचार और गरिमा का घोर उल्लंघन है। संसद में गुरुवार को हंमागे के बाद कांग्रेस ने आज संसदीय दल की बैठक बुलाई है। इस बैठक में लोकसभा के सभी सांसदों के मौजूद रहने की संभावना है। यह बैठक संसद भवन में होगी। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने अधीर रंजन चौधरी की आलोचना की है। उन्होंने उनका नाम लिए बिना ट्वीट किया, महिला हो या पुरुष अगर कोई भी संवैधानिक पद पर आसीन है, वह समान रूप से माननीय है। उसे और उसके पद को सम्मान देना ही चाहिए। विशेष पद पर बैठा व्यक्ति, उसी पद के अनुरूप हो जाता है। जेंडर के चक्रव्यूह में खो जाने का कोई मतलब नहीं है।

## पार्थ बोले- मैं साजिश का शिकार हुआ

**नई दिल्ली ।** अपर्णा सेन ने ऊश्ण् को घेराआज सुबह ही अर्पिता को भी जांच के लिए जोका स्थित ईएसआई अस्पताल लाया गया। जैसे ही ईडी की गाड़ी अस्पताल के बाहर पहुंची, तो अर्पिता गाड़ी से उतर नहीं रही थीं। जब गाड़ी सुबह ही अर्पिता को भी जांच के लिए जोका स्थित ईएसआई अस्पताल लाया गया। जैसे ही ईडी की गाड़ी अस्पताल के बाहर पहुंची, तो अर्पिता गाड़ी से उतर नहीं रही थीं। जब गाड़ी का दरवाजा खुला, तो यह देखकर लोग हैरान हो गए



का दरवाजा खुला, तो यह देखकर लोग हैरान हो गए कि अर्पिता जोर-जोर से रो रही हैं।बंगाल शिक्षक घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी ने शुक्रवार को जोका स्थित ईएसआई अस्पताल के बाहर निकलते हुए पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने जो फैसला लिया है, वह ठीक है। मंत्री पद और तृणमूल कांग्रेस के सभी पदों से हटाने के बाद भी पार्थ चटर्जी की आस्था आज भी पूरी तरह बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर है। उल्लेखनीय है कि आज उन्हें जोका ईआईएस अस्पातल में मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया था। इससे पहले आज सुबह जोका स्थित ईएसआई अस्पताल मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाते समय पत्रकारों के सवाल के जवाब देते हुए पार्थ चटर्जी ने कहा कि मैं साजिश का शिकार हुआ हूं, लेकिन यह नहीं बोले कि यह साजिश किसने की। वहीं, आज कि अर्पिता जोर-जोर से रो रही हैं। उन्हें किसी तरह से अधिकारियों ने गाड़ी से उतारा। इस दौरान वे लगभग जमीन पर गिर गईं। अधिकारियों ने उन्हें व्हीलचेयर पर लेकर गए। बताया गया कि अस्पताल में उन्हें काफी समय तक विशेष कक्ष में रखा गया इसके बाद जब उन्हें अस्पताल से बाहर लाया गया, तब भी अर्पिता मुखर्जी बुरी तरह से रो रही थीं। उन्हें किसी तरह से गाड़ी में बिठाया गया। उन्होंने पत्रकारों के किसी भी प्रशन का जवाब नहीं दिया। इस बीच मामले में अपर्णा सेन भी कूद पड़ीं। इस बीच गुजरे जमाने की फिल्म अभिनेत्री अपर्णा सेन ने इस मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस पर जबरदस्त निशाना साधा है। उन्होंने शुक्रवार को एक ट्वीट में लिखा कि पार्थ चटर्जी को मंत्री पद से हटाकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने चेहरा बचाने की कोशिश की है, लेकिन वह इस पाप से बच नहीं सकती।

## अभिषेक की पत्नी के खिलाफ सितंबर में हो सकती है सुनवाई

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने तय की तारकस्टम विभाग का आरोप है कि पुलिस दोनों को एयरपोर्ट से जबरन निकालकर ले गई थी। कस्टम विभाग ने इसके बाद रुजिरा को मामले में पूछताछ के लिए हाजिर गहनों के साथ रोका था। रुजिरा के साथ उनकी बहन मेनका गंभीर भी थीं। दोनों बैंकॉक से कोलकाता पहुंची थीं। कस्टम विभाग का आरोप है कि पुलिस दोनों को एयरपोर्ट से जबरन निकालकर ले गई थी।





होने के लिए नोटिस भेजा था तृणमूल कांग्रेस के सांसद और राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की पतनी रुजिरा बनर्जी के खिलाफ कस्टम विभाग की ओर से दायर मामले में सुप्रीम कोर्ट पांच सितंबर को सुनवाई कर सकता है। उन पर विदेश से गैरकानूनी ढंस से सोना देश में लाने का आरोप है। उल्लेखनीय है कि मार्च 2019 में रुजिरा को कोलकाता एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने कथित तौर पर सोने के कस्टम विभाग ने इसके बाद रुजिरा को मामले में पूछताछ के लिए हाजिर होने के लिए नोटिस भेजा था। रुजिरा ने इसके खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में अपील की थी। हाईकोर्ट ने कस्टम विभाग के नोटिस को खारिज कर दिया था, जिसके बाद कस्टम विभाग की ओर से सुप्रीम कोर्ट में मामला किया गया था। अब जानकारी मिली है कि पांच सितंबर को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो सकती है।

## स्टार बाजार के पास अंधेरी पशिचम क्षेत्र में आग

**मुंबई ।**दमकल की 10 गाडियां मौके परआग कथित तौर पर 1000 वर्ग फुट क्षेत्र की एक दुकान में लगी हैं। अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। मुंबई में शुक्रवार को एक बार फिर आग लगने की घटना सामने आई। मुंबई फायर ब्रिगेड ने बताया कि शाम करीब 4:30 बजे लिंक रोड पर स्टार बाजार के पास अंधेरी पशिचम क्षेत्र में लेवल 2 में आग लगने की सूचना मिली। दमकल की 10 गाडि़यां मौके पर पहुंची। आग कथित तौर पर 1000 वर्ग फुट क्षेत्र की एक दुकान में लगी है। अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।



## कोविंद के नए घर पहुंचे ये मेहमान, जानें रिटायरमेंट के बाद क्या करेंगे पूर्व राष्ट्रपति

**नई दिल्ली ।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अपने नए बंगले 12 जनपथ में शिफ्ट हो चुके हैं। 25 जुलाई को उनका कार्यकाल खत्म हुआ था। इसी दिन उन्हें और देश की प्रथम महिला नागरिक यानी सविता कोविंद को राष्ट्रपति भवन से औपचारिक विदाई दी गई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खुद पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की विदाई समारोह की आगवानी की। राष्ट्रपति का कार्यकाल खत्म होने के बाद भी रामनाथ कोविंद को प्रोटोकॉल मिला हुआ है। उन्हें कई तरह की सुविधाएं सरकार की तरफ से दी जाएंगी। इन्हीं सुविधाओं में से एक 12 जनपथ स्थित सरकारी बंगला भी है। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद परिवार के साथ अब इसी बंगले में शिफ्ट हो गए हैं। यहां अब उनसे मुलाकात करने के लिए मेहमान भी आने लगे हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का नया पता अब दिल्ली का 12 जनपथ स्थित बंगला है। ये वही बंगला है, जहां कुछ साल पहले तक रामविलास पासवान रहा करते थे। पासवान इस बंगले में दो दशक से ज्यादा समय तक रहे। उनके निधन के बाद परिवार ने इसे खाली कर दिया। अब ये बंगला रामनाथ कोविंद को आवंटित हुआ है। बंगले को पूरी तरह से नया रूप दिया जा चुका है। पूर्व राष्ट्रपति की बेटी स्वाति कोविंद ने बंगले के रेनोवेशन का काम खुद देखा। इस बंगले के बगल यानी 10 जनपथ पर कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी का आवास है। राम विलास पासवान के निधन के बाद 12 जनपथ बंगले में रहने का ऑफर उनके भाई पशुपति कुमार को दिया गया। पशुपति अभी केंद्र सरकार में मंत्री हैं। पशुपति ने इसे मना कर दिया। इसके बाद रेलवे और आईटी मंत्री अश्विनी कुमार चौबे को यह बंगला दिया गया। हालांकि, तब ये खाली नहीं था। ऐसे में अश्विनी कुमार को दूसरा बंगला दे दिया गया। 25 जुलाई को 12 जनपथ में पूरी तरह से शिफ्ट होने के बाद 27 जुलाई से पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिलने वालों का तांता लगने लगा। सबसे पहले पहली महिला राष्ट्रपति रहीं प्रतिभा देवी सिंह पाटिल ने 12 जनपथ पहुंचकर पूर्व राष्ट्रपति कोविंद से मुलाकात की। प्रतिभा पाटिल के साथ उनकी बेटी भी थीं। दोनों ने बुके देकर रामनाथ कोविंद का अभिवादन किया। कोविंद के साथ उनकी पतनी सविता कोविंद और बेटी भी थीं। इसके बाद पूर्व राष्ट्रपति कोविंद से मुलाकात करने वालों में पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित शामिल, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण रहीं। केंद्रीय मंत्री अपने साथ आम और सेब की टोकरी भी लेकर पहुंची थीं। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति कोविंद को आम और सेब की टोकरी के साथ-साथ बुके भेंट कर अभिवादन किया। अब जानिए रिटायरमेंट के बाद राष्ट्रपति कोविंद को क्या-क्या सुविधाएं मिलेंगी राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को रिटायरमेंट के बाद 2.5 लाख रुपये प्रतिमाह पेंशन मिलेगी। इसके अलावा 60 हजार रुपये प्रतिमाह सेक्रेटेरियल स्टाफ और आफिस खर्च के लिए दिया जाएगा। इसके अलावा सरकार की तरफ से दिया गया बंगला भी आजीवन फ्री रहेगा। मतलब इसके लिए कोविंद को किराया नहीं देना होगा। पूर्व राष्ट्रपति के तौर पर कोविंद को दो लैंडलाइन, मोबाइल फोन, ब्रॉडबैंड और इंटरनेट कनेक्शन भी दिया गया है। इसके अलावा बिजली और पानी का बिल भी नहीं देना पड़ेगा। कोविंद को ड्राइवर और कार भी दी गई है। स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह से फ्री होंगी। ट्रेन और हवाई यात्रा मुफ्त होगी। पूर्व राष्ट्रपति के साथ एक अन्य स्टाफ को भी ये सुविधा मुफ्त दी जाएगी। पांच लोगों का पर्सनल स्टाफ दिया गया है। इसके अलावा सभी सुविधाओं से युक्त मुफ्त गाड़ी दी गई है। दिल्ली पुलिस की सिक्योरिटी दी गई है। दो सचिव भी हैं। पूर्व राष्ट्रपति के एक करीबी रिश्तेदार ने नाम न छापने की शर्त पर 'अमर उजाला डिजिटल' को उनके आगे की प्लानिंग बताई। उन्होंने कहा, 'पूर्व राष्ट्रपति कोविंद काफी सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। अब जब वह अपना कार्यकाल पूरा कर चुके हैं, तो इन सामाजिक कार्यों को और अधिक समय देंगे। इसके अलावा विभिनन्न कार्यक्रमों का हिस्सा बनकर शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उनन्मूलन के क्षेत्र में कार्य करेंगे।' पूर्व राष्ट्रपति के रिश्तेदार आगे कहते हैं, 'वह (पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद) जल्द ही एक पुस्तक भी लिखने का प्लान कर रहे हैं। इसमें वह अपनी राजनीति से लेकर राष्ट्रपति कार्यकाल तक की कई यादों को शामिल करेंगे।



## गोबर के बाद किसानों से चार रुपये प्रति लीटर गोमूत्र खरीदेगी सरकार

**नई दिल्ली ।**भूपेश बघेल बने पहले विक्रेताण्र्ॅ्रिंः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसी साल अप्रैल-मई में गोमूत्र खरीदी की घोषणा की थी। इसके बाद कृषि विभाग ने कामधेनु विश्वविद्यालय और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से गोमूत्र के वैल्यू एडिशन पर एक अध्ययन कराया। इसके बाद इसकी चरणबद्ध तरीके से शुरुआत की जा रही है छत्तीसगढ़ सरकार ने अब गोबर खरीदने के बाद किसानों से गोमूत्र खरीदना शुरू कर दिया है। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देश में पहली गोमूत्र खरीदने योजना शुरू की है। इस योजना के तहत सीएम पहले गोमूत्र विक्रेता बने। पहले ही दिन उन्होंने पांच लीटर गोमूत्र बेचा। समूह द्वारा उन्हें 20 रुपयो का भुगतान भी किया गया। मुख्यमंत्री अपनी गोशाला से पांच लीटर के गैलन में गोमूत्र लेकर आए थे। जिसे पहले मापा गया। सीएम ने बकायदा रजिस्टर पर विक्रेता के रूप में अपने दस्तखत भी किए। छत्तीसगढ़ में पायलट प्रोजेक्ट के तहत हर जिले के दो गोठानों में गोमूत्र खरीदी की जाएगा। सीएम ने दुर्ग जिले के पाटन से इसकी शुरुआत की। दरअसल, छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने गोधन न्याय योजना के तहत अब गोबर के अलावा गोमूत्र खरीदी भी हरेली पर्व से शुरू कर दी है। राज्य सरकार चार रुपये प्रति लीटर की दर से गोमूत्र की खरीदी करेगी। गोबर से जिस तरह जैविक खाद बनाकर बेचा जा रहा है। उसी तरह से गोमूत्र से जैविक कीटनाशक बनाकर गोठान समितियों और महिला स्व.सहायता समूहों के माध्यम से बेचा जाएगा। हरेली पर्व पर मुख्यमंत्री निवास में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। चंदखुरी की निधि स्व.सहायता समूह ने गोमूत्र खरीदने के लिए स्टॉल लगाया था। जहां सीएम ने पांच लीटर गोमूत्र बेचकर 20 रुपये कमाए। हरेली पर्व पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ठेठ छत्तीसगढिया अंदाज भी देखने को मिला। सीएम ने गेड़ी और रेईचुली का आनंद भी लिया।



## धरने के दौरान चिकन खाने के आरोप पर महुआ का पलटवार

**नई दिल्ली ।** स्मृति ईरानी का नाम लिए बिना कही यह बातसंसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस पर महात्मा गांधी की मूर्ति के नीचे बैठकर चिकन खाकर उनका अपमान करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था, सार्वजनिक मुद्दों पर चर्चा करना तो दूर देश की महान हस्तियों का अपमान करना कांग्रेस की आदत बन गई है। संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के नीचे प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों पर चिकन खाने का आरोप लगाने को लेकर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने शुक्रवार को भाजपा पर निशाना साधा। बता दें कि संसद परिसर में 24 सांसदों के निलंबन के खिलाफ धरना चल रहा है। इन 24 सांसदों में 20 राज्यसभा और 4 कांग्रेस के लोकसभा सदस्य शामिल हैं। मोइत्रा ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का नाम लिए बगैर निशाना साधा। हाल ही में कांग्रेस ने ईरानी की 18 वर्षीय बेटी पर गोवा में एक अवैध बार चलाने का आरोप लगाया है। मोइत्रा ने ट्वीट किया, भाजपा ने भाड़े पर मददगार बुलाया ताकि निलंबित सांसदों ने क्या खाया, उस पर कमेंट किया जा सके। सिली सोल्स (मूर्ख आत्माएं), क्या आप ये नहीं जानते कि आपेक स्वामी जीभ और गाल दोनों की सेवा करते हैं।'सिली सोल्स' उस स्थान का नाम है जिसे ईरानी की बेटी के नाम के साथ जोड़ा जा रहा है। इससे पहले संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस पर महात्मा गांधी की मूर्ति के नीचे बैठकर चिकन खाकर उनका अपमान करने का आरोप लगाया था।

# रोडवेज में जल्द मिल सकती है मृतक आश्रितों को नौकरी पांच साल से ठप है प्रक्रिया

**प्रयागराज ।** वर्ष 2018 से मृतक आश्रितों की नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया ठप पड़ी है। इसे लेकर यूनियन आंदोलनरत भी है। प्रयागराज रीजन में मृतक आश्रितों की संख्या तकरीबन 50 है। कुछ आश्रित संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत हैं। यूपी रोडवेज में मृतक आश्रितों को नौकरी मिलने की कवायद तेज हो गई है। शासन के निर्देश पर सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों ने परिवहन निगम को मृतक आश्रितों की सूची भेजी है। उम्मीद है कि इसी वित्तीय वर्ष से तैनाती दिए जाने की कार्यवाही शुरू हो जाएगी। रोडवेज में वर्ष 2018 से मृतक आश्रितों की नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया ठप पड़ी है। इसे लेकर यूनियन आंदोलनरत भी है। प्रयागराज रीजन में मृतक आश्रितों की संख्या तकरीबन 50 है। कुछ आश्रित संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत हैं। वहीं, कुछ ऐसे भी हैं जो स्थायी नौकरी की मांग कर रहे हैं। शासन को प्रदेश भर से जो आंकड़ा सौंपा गया है उसमें 815 मृतक आश्रित शामिल है। इनमें 795 बस परिचालक और मात्र 20 चालक है।



चर्चा यही है कि इन सभी को परिवहन मंत्री के आदेश पर नियुक्ति पत्र जारी हो सकते हैं। पांच वर्ष पहले हुई थी मृतक आश्रितों की नौकरी यूपी रोडवेज में पांच वर्ष पहले 2018 में मृतक आश्रितों की भर्ती हुई थी। तब 588 चालक एवं परिचालक शामिल रहे। इस बार मृतक आश्रितों की सूची लंबी है। यह संख्या प्रदेश भर में 815 है। रोडवेज के प्रधान प्रबंधक कार्मिक अतुल जैन भी कह चुके हैं कि मृतक आश्रित भर्ती को लेकर कुछ निर्णय जल्द लिया जा सकता है। पिछले कुछ दिनों से सुगबुगाहट है कि शासन स्तर पर मृतक आश्रितों की नियुक्ति की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। प्रयागराज में 50 के आसपास मृतक आश्रितों को नौकरी का इंतजार है।

# संदिग्ध दशा में किशोरी की मौत, सौतेली मां से हुआ था विवाद

**कौशांबी।** पिपरी कोतवाली के कसेंदा गांव में बुधवार रात संदिग्ध दशा में किशोरी की मौत हो गई। किशोरी का शव घर के बरामदे में पड़ा था और किशोरी के गले में फंदे का निशान था। पड़ोसियों का कहना है किशोरी की रात में सौतेली मां से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। वहीं उसकी सौतेली मां का कहना है किशोरी खुद ही फंदे पर लटकी है कसेंदा गांव निवासी ज्ञान सिंह यादव ट्रक चालक है। उनकी पहली पतनी की मौत करीब 12 साल पहले हो चुकी है। उस पतनी से उसे तीन बेटी एक दिव्यांग बेटा हैं। ज्ञान ने पतनी की मौत के बाद दूसरी शादी कर ली। आरोप है दूसरी पतनी आने के बाद से ही पहली पतनी के बच्चों से किसी न किसी बात पर झगड़ा करने लगी। दो बेटियों की शादी ज्ञान कर चुका है जबकि बेटे की पांच साल पहले मौत हो गई। तीसरे नंबर की बेटी गुड़िया उर्फ वंदना (16) सौतेली मां और उसके बच्चों के साथ रहती थी। बुधवार रात ज्ञान बलिया जनपद ट्रक लेकर गया हुआ था। इस बीच बृहस्पतिवार सुबह गुड़िया का शव बरामदे में पड़ा मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शव के सिर पर गहरी चोट के निशान मिले हैं। घाव से घून का रिसाव भी हो रहा था। गले के अगले हिस्से में फंदे का निशान है। जबकि फंदे पर लटकने के कोई शिनाख्त नहीं मिले हैं। मोहल्ले के लोगों के मुताबिक रात को गुड़िया का सौतेली मां से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। रात करीब एक बजे तक झगड़ा हुआ इसके बाद सभी की आवाज बंद हो गई। पड़ोसियों की सूचना पर पिता घर से लिए रवाना हो गया है।



# सीडीओ के गोद लिए स्कूल के छात्र नहीं लिख सके प्रतिष्ठा

**कौशांबी।** परिषदीय स्कूलों में पठन-पाठन सुधारने के लिए सरकार प्रयासरत है। इसके लिए जिले के अधिकारियों ने 11 स्कूल को गोद में लिया है। यहां शिक्षा की गुणवत्ता की जिम्मेदारी अफसरों को दी गई है। इसी के तहत सीडीओ डॉ. रविकांत ने भी सदर विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर को गोद ले रखा है।



बृहस्पतिवार को सीडीओ स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता परखने पहुंचे तो कक्षा छह में पढ़ने वाले दो छात्र प्रतिष्ठा नहीं लिख सके। इसे लेकर सीडीओ ने नाराजगी जाहिर की। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रविकांत बृहस्पतिवार को स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने छठीं क्लास के सबसे काबिल लड़कों में तीन को खड़ा कर ब्लैक बोर्ड में प्रतिष्ठा लिखने को कहा। इसे लेकर वहां रहे अध्यापक बगले झांकने लगे। दो छात्रों ने प्रतिष्ठा गलत लिखा। बाद में तीसरे छात्र ने सही प्रतिष्ठा लिखा तो अध्यापकों ने राहत महसूस की। स्कूल में 402 छात्रों का पंजीकरण था। जिसके सापेक्ष महज 320 छात्र ही मौजूद मिले। सीडीओ ने अध्यापकों को निर्देश दिया कि शैक्षिक गुणवत्ता में किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अध्यापको को समय से स्कूल आकर पठन-पाठन का निर्देश दिया।

# जिला उद्योग बन्धु,व्यापारी बन्धु एवं श्रमिक बन्धु की बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु, व्यापारी बन्धु एवं श्रमिक बन्धु की बैठक सम्पनन हुई। बैठक में उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया द्वारा ऋण योजनाओं क्रमशः प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा भारतीय स्टेट बैंक में प्रेषित आवेदन पत्रों पर कार्यवाही न करने पर नाराजगी व्यक्त की गई और एलडीएम को निर्देश दिया गया कि प्रेषित आवेदन पत्रों को शाखा प्रबन्धकों एवं आवेदकों के साथ आगामी शनिवार को एक बैठक आयोजित किया जाये एवं बैठक में निस्तारित प्रकरणों से उसी दिन उनको अवगत कराया जाये। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागों से समस्त स्वीकृति/अनापत्ति प्रमाण पत्र/अनुमोदन आनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही जल्द से जल्द कराने का निर्देश दिया। उपजिलाधिकारी सदर एवं कुण्डा के अन्तर्गत 02 प्रकरण निस्तारण अवधि से ऊपर हो जाने पर इनको जल्द से जल्द निस्तारित कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में व्यापारियों द्वारा विद्युत विभाग से सम्बन्धित प्रकरण उठने पर अधिशासी अभियन्ता विद्युत रानीगंज के अनुपस्थित रहने पर चर्चा नही की जा सकी जिससे जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत के बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण जारी करने का आदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त व्यापारियों द्वारा पार्किंग की समस्या एवं अतिक्रमण हटाने की समस्या उठायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुदित सिंह को नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने हेतु एक टीम बनाने का निर्देश दिया। अतिक्रमण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि नो वेण्डिंग जोन में किसी तरह का अतिक्रमण न होने पाये। अतिक्रमण हटाने के पूर्व पहले माइक से इसकी घोषणा कर दी जाये तथा लोगों से संवाद स्थापित करने के बाद अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाये। पार्किंग के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारी मुदित सिंह को निर्देशित किया गया कि सभी व्यापार मण्डल के प्रमुखों के साथ विचार विमर्श कर वैकल्पिक प्रस्ताव प्रस्तुत करें। श्रमिक बन्धु की बैठक में सहायक श्रमायुक्त द्वारा बताया गया कि कारखानों में तथा वाणिज्यिक अधिष्ठानों में कार्य करने वाले श्रमिकों के लिये श्रम कल्याण परिषद उत्तर द्वारा 8 योजनायें क्रमशः ज्योतिबा फुले कन्यादान योजना, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक शिक्षा सहायता योजना, गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार राशि योजना, दत्तोपंत ठंगड़ी मृतक अन्त्येष्टि सहायता योजना, राजा हरिश्चन्द्र मृतक आश्रित सहायता योजना, चेतन चौहान क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना, महादेवी वर्मा पुस्तक क्रय आर्थिक सहायता योजना, श्रवण कुमार श्रमिक परिवार तीर्थ यात्रा योजना संचालित की जा रही है। जिलाधिकारी ने सहायक श्रमायुक्त को निर्देशित किया कि कारखाना संचालकों तथा उद्योग व्यापार मण्डल के साथ पृथक से बैठक करके योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायें तथा इसका व्यापक प्रचार प्रसार करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि कारखाना वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्य करने वाले श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी जो शासन द्वारा निर्धारित की गयी है अनिवार्य रूप से इसका भुगतान किया जाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, एलडीएम अमित वाजपेयी, उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, उपायुक्त जीएसटी राम भुवन सहित बैंकों के जिला समन्वयक और प्रबन्धक, उद्यमी अनुराग खण्डेलवाल, रोशनलाल ऊमरवैश्य, उमा प्रकाश अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।

# विद्युत कटौती से परेशान लोगों का टूटा सब्र

**कौशांबी।** विद्युत कटसैता उपकेंद्र से जुड़े 36 गांव के लोग बिजली ठप होने से बृहस्पतिवार को सड़क पुर उतर आए। पिछले छह दिन से आपूर्ति नहीं होने से नाराज लोगों ने कानपुर-प्रयागराज हाईवे के मूरजगंज बाजार में जाम लगा दिया। करीब दो घंटे तक चले जाम से हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना पर पहुंची सीओ सिटी ने बिजली विभाग के अफसरों से बात कर तीन घंटे के अंदर आपूर्ति बहाल कराने का आश्वासन देकर जाम समाप्त कराया। सैता उपकेंद्र से दो फीडर के जरिए क्षेत्र के गांवों को आपूर्ति दी जाती है। रविवार को यहां लगा पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया। जिसकी वजह से उपकेंद्र के जुड़े 36 गांवों की आपूर्ति ठप हो गई।

# शाखा प्रबन्धकों की एक दिवसीय कार्यशाला उन्मुखीकरण में समूह निर्माण पर बल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत जनपद में पदस्थ शाखा प्रबन्धकों हेतु एक दिवसीय सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन कार्यशाला/उन्मुखीकरण का आयोजन तुलसीसदन (हादीहाल) में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य बैंक क्रेडिट लिंकेज के वित्तीय लक्ष्यों की पूर्ति हेतु सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषय सम्बन्धित जानकारी शाखा प्रबन्धकों और समूह के पदाधिकारियों को प्रदान करना, समूह के खाते और बैंक लिंकेज सम्बन्धी समस्त प्रशनें को समाहित करते हुये प्रशिक्षण प्रदान करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने गांव की समग्र आर्थिक समृद्धि हेतु समूह बनाने और इनकी भूमिका को और अधिक बढ़ाने हेतु शाखा प्रबन्धकों, ब्लॉक मिशन प्रबन्धकों को प्रेरित करते हुये कहा कि समूहों व फेडरेशन की क्षमता को समझते हुये बैंक लोकल इकोनॉमी को और बढ़ायें। बैंकों के फील्ड मैनेजर या कृषि अधिकारी समूह के वेरीफिकेशन के साथ उनकी समग्र क्षमता वृद्धि का भी कार्य करें। कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित गतिविधियों को बढ़ावा दें, समूह के द्वारा राशन की दुकान, बिजली बिल, शौचालयों की देखरेख जैसे कार्य किये जा रहे है इससे क्षेत्र के विकास में होने वाले लोकल मार्केट इण्टरप्राइजेज को और बढ़ावा मिलता है। जिलाधिकारी ने ज्यादा से ज्यादा समूह के खाते एवं लिंकेज पर कार्य कर जनपद को ग्रामीण विकास में सहयोग की भावना के प्रति लोगों को प्रोत्साहित किया।मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने समूह के खाता खोलने और उनको बैंक से लिंक कराकर रोजगार दिलाने हेतु बैंकर्स तथा महिलाओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न बैंकों के 15 उत्कृष्ट कार्य कर रहे शाखा प्रबन्धकों को जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में 164 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण नेशनल रिसोर्स आर्गेनाइजेशन के अनिल शर्मा एवं अभिषेक गोस्वामी जी द्वारा प्रदान किया गया। कार्यशाला में उपायुक्त स्वतः रोजगार एन0एन0 मिश्रा, बड़ौदा उ0प्र0 बैंक के उप क्षेत्रीय प्रबन्धक बलराम तिवारी, अग्रली जिला बैंक कार्यालय से बड़ौदा ग्रामीण बैंक के जिला समन्वयक सुधीर सिंह सहित डीडीएम नाबार्ड बृजेन्द्र कुमार, जिला मिशन प्रबन्धक सुनीता सरकार, सुमन पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन वित्तीय साक्षरता अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा शिशिर खरे द्वारा किया गया।

# हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम का किया जायेगा भव्य आयोजन-डॉ0 नितिन बंसल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया कि भारतीय स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के महत्वपूर्ण अवसर पर दिनांक 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह एवं दिनांक 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का जनपद में भव्य आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत दिनांक 13 से 15 अगस्त तक जनपद के आवासित घरों/बहुमंजिला आवासीय इमारतों आदि में संशोधित झण्डा संहिता के अनुसार पॉलिस्टर/सूती/खादी/ऊनी कपड़ों से बने निर्धारित आकार (3:2 अनुपात/30ऽ20ठ) के मशीन अथवा हस्त निर्मित झण्डों को फहराया जाना है। इसके अतिरिक्त समस्त सरकारी/गैर सरकारी कार्यालयों जैसे पुलिस लाइन, पुलिस थाना, पुलिस चौकी, पशु चिकित्सालय, राजकीय अतिथि गृह, स्टेडियम पार्क, चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अमृत सरोवर, पंचायत भवन, विश्वविद्यालय, शिक्षण संस्थान, बस/रेलवे स्टेशन, जनसुविधा केन्द्र, होटल, रेस्टोरेन्ट, सिनेमाहाल, शापिंग काम्प्लेक्स आदि विभिन्न सरकारी/गैर सरकारी भवनों/परिसरों में खादी से निर्मित झण्डे फहराये जायेगें। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के प्रभावी समन्वय हेतु झण्डों के उत्पाद/वितरण/फहराने सम्बन्धी अद्यतन प्रगति रिपोर्ट गूगल लिंक पर प्रतिदिन जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अपडेट किया जायेगा।

Dr. Priyam Dental Hospital
Multispeciality Centre
Everyday 11 am to 9 pm
डॉ0 प्रियम केसरवानी
B.D.S., K.G.M.C. Lucknow
RCT Specialist | Laser Specialist | Certified Implantologist
Certified Rotary Endedontist
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
★ रूट कनाल ट्रीटमेन्ट (RCT)
★ दॉत के रंग की फिलिंग
★ दॉत की सफाई (Scaling)
★ फिक्स दॉत लगाना (Crown & Bridge & Implant)
★ टेढ़े मेढ़े दॉतों का इलाज (Orthodontic Treatment)
★ बिना दर्द के दॉत निकालना।
प्रत्येक शनिवार Free कैम्प
पता: पुराना कटरा, लक्ष्मी टाकीज चौराहा (मोहन रेस्टोरेंट के सामने) प्रयागराज
9140434105, 8736088748
Email: priyamkesarwanixyz@gmail.com

# स्वर्णप्राशन बच्चों के लिये इम्युनिटी बूस्टर का करेगा काम,जिले ने बनाया कीर्तमान-जिलाधिकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़।** आयुर्वेद विभाग एवं बाल विकास विभाग की पहल पर पुष्य नक्षत्र में जनपद के 8 विकास खण्ड के 52 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर स्वर्णप्राशन शिविर आयोजित किया गया जिसमें आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा 3155 बच्चों का स्वर्णप्राशन कराने का कीर्तिमान बनाया गया। प्रतापगढ़ प्रदेश का पहला जिला है जहां एक साथ 52 केन्द्रों पर स्वर्णप्राशन अभियान चलाया गया। स्वर्णप्राशन के पहले चरण में मंगरौरा में 10 आंगनबाड़ी केन्द्र, सदर में 15, मानधाता में 10, शिवगढ़ में 4, बाबागंज में 1, पट्टी में 1, बाबा बेलखरनाथधाम में 1 तथा बिहार विकास खण्ड में 10 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्णप्राशन की खुराक दी गयी।जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल एवं मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने चिलबिला कोट स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों को इम्युनिटी वर्धक आयुर्वेदिक दवा पिलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वर्णप्राशन अभियान बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया प्रयास सराहनीय है। स्वर्णप्राशन से बच्चों में होने वाले कुपोषण की समस्या को कम किया जा सकता है जिससे समय से वजन और लम्बाई बढ़ने के साथ मानसिक विकास भी सम्भव होगा। स्वर्णप्राशन बच्चों के लिये इम्युनिटी बूस्टर का काम करेगा। मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने कहा कि आयुर्वेद से जुड़े हमारे ऋषि मुनियों ने हजारों वर्ष पूर्व वायरस और बैक्टीरिया जनित बीमारियों से लड़ने के लिये एक ऐसा रसायन तैयार किया था जिसे स्वर्णप्राशन कहा जाता है। जनपद में इस अभियान को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 सरोज शंकर राम ने बताया कि स्वर्णप्राशन स्मरणशक्ति और धारणशक्ति बढ़ाने वाले शुद्ध स्वर्णभस्म के निश्चित अनुपात में गाय के घी व शहद के साथ ड्रॉप के रूप में हमारे चिकित्सकों द्वारा तैयार किया गया है।इस अभियान में आयुर्वेद विभाग के 26 चिकित्साधिकारी, 27 फार्मासिस्ट तथा 60 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने सफल बनाया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार यादव, बाल विकास परियोजना अधिकारी रवीन्द्र कुमार उपाध्याय, डा0 रंगनाथ शुक्ल, डा0 आशीष कुमार त्रिपाठी, डा0 अवनीश पाण्डेय, डा0 शशेन्द्र कुमार, डा0 पवन कुमार मिश्रा सहित अन्य चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 धर्मेन्द्र ओझा द्वारा किया गया।



# सभी हथकरघा एवं पावरलूम बुनकरों का होगा पंजीकरण, एक से 15 अगस्त तक चलेगा विशेष अभियान

**लखनऊ।** उकेंद्र सरकार द्वारा संचालित मुद्रा योजना एवं राज्य सरकार की महात्वाकांक्षी एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत बुनकरों को सस्ते दर पर ऋण के साथ सब्सिडी का लाभ भी दिया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के सभी हथकरघा एवं पावरलूम बुनकरों को ऑनबोर्ड कराया जाएगा। उत्तर प्रदेश के हथकरघा एवं पावरलूम बुनकरों का हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग में पंजीकरण कराया जाएगा। पंजीकरण के बाद बुनकरों को बैंक से ऋण लेने में आसानी होगी। साथ ही इससे बुनकरों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। यही नहीं बुनकरों की पूंजीगत कठिनाई को दूर करने के लिए उन्हें बैंको से जोड़ा जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा संचालित मुद्रा योजना एवं राज्य सरकार की महात्वाकांक्षी एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत बुनकरों को सस्ते दर पर ऋण के साथ सब्सिडी का लाभ भी दिया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के सभी हथकरघा एवं पावरलूम बुनकरों को ऑनबोर्ड कराया जाएगा। यह जानकारी अपर मुख्य सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग नवनीत सहगल ने दी। उन्होंने बताया कि पंजीकरण से सरकारी खरीद में बुनकरों की भूमिका बढ़ेगी। उनके उत्पादों की बिक्री बढ़ेगी और आय में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि बुनकरों को ऑनबोर्ड करने के लिए हथकरघा विभाग के जिला कार्यालयों में सिडबी के कर्मचारी मौजूद रहेंगे। वे फार्म भरने में बुनकरों की मदद करेंगे। बुनकर ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार से अपना पंजीकरण करा सकेंगे बुनकरों की पूंजीगत कठिनाइयों को दूर करने के लिए सहगल ने बृहस्पतिवार को स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के मुख्य महाप्रबंधक अजय खनन के साथ बैठक भी की। इसमें तय हुआ कि भारतीय स्टेट बैंक प्रथम चरण में वाराणसी के 50 हजार बुनकरों को मुद्रा योजना के तहत ऋण प्रदान करेगा। ऋण के लिए बुनकरों को केवल अपना पहचान पत्र, बुनकर होने का प्रमाणपत्र, आधार कार्ड एवं हैंडलूम में पंजीकरण का प्रमाणपत्र देना होगा। ऋण स्वीकृति की सभी प्रक्रिस्याएं केंद्रीकृत होंगी। बुनकरों को बैंक शाखाओं के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे अपर मुख्य सचिव ने बताया कि वाराणसी का सिल्क ओडीओपी उत्पाद है। ऋण लेने वाले बुनकरों को ओडीओपी योजना से जोड़कर 25 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाएगी। जहां हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग उत्पाद ओडीओपी में शामिल नहीं हैं वहां अन्य योजनाओं के तहत बुनकरों को सब्सिडी उपलब्ध कराई जाएगी।



# ट्रक व कार में आमने सामने की हुई जोरदार भिड़ंत में आधा दर्जन लोग घायल

(आधुनिक समाचार सेवा)
सर्वेश कुमार यश

**रोहनिया।** कनेरी गेट के पास सिंह पेट्रोल पम्प के सामने वन वे हाईवे पर बुधवार को कार व ट्रक में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गयी। जिसके दौरान कार सवार चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी।प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदौली जिले के बबुरी थाना अंतर्गत सुरौली गांव निवासिनी जग्गू देवी 52 वर्ष अपने देवरानी के लड़की सोनम के साथ बुधवार को सिंघीताली जीवनाथपुर गांव में अपने पुत्री के घर आई थी और अपने पुत्री के घर से फोर व्हीलर गाड़ी रिजर्व कर 6 लोग विंध्याचल दर्शन पूजन को निकली थी। जैसे ही मोहनसराय स्थित कनेरी गेट वन वे रोड पर पहुँची की कार चालक ओवरटेक किया जिसके दौरान सामने से आ रही ट्रक में सामने से कार की जोरदार टक्कर हो गयी।टक्कर के दौरान जग्गू देवी 52 वर्ष,सोनम 17 वर्ष को हल्की चोट आयी जिन्हें भदवर स्थित हेरिटेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया और गम्भीर घायलों में शीला सहित चार लोगो को पुलिस ने एम्बुलेंस के मदद से बीएचयू ट्रामा में इलाज के लिए भर्ती कराया।घायल होने वालों में पाँच महिला व एक पुरुष है। दुर्घटना के दौरान हाईवे पर लगभग 2 घंटा तक लगे जाम में ट्रकों की लंबी लाइन लग गयी। पुलिस ने क्रेन की मदद से उक्त ट्रक व कार को हाईवे से हटाकर यातायात सुचारु रूप से चालू कराया।



# राप्ती-रोहिन नदी में रोज गिर रहा साढ़े सात करोड़ लीटर गंदा पानी

**गोरखपुर।** हाईकोर्ट ने की है तल्ख टिप्पणीप्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की हीलाहवाली वाली शैली के कारण जिले से बहने वाली नदियां राप्ती, आमी और रोहिन मैली हो रही हैं। रामगढ़ताल भी अछूता नहीं है। राप्ती व रोहिन नदी में रोजाना नालों का साढ़े सात करोड़ लीटर गंदा पानी जा रहा है। वहीं, रामगढ़ताल



में 18 नालों का पानी सीधे गिर रहा है। उधर, जिम्मेदार अधिकारी कहते हैं कि प्रदूषण रोकने के लिए प्रयास किया जा रहा है। नमामि गंगे परियोजना में हीलाहवाली व गंगा नदी में प्रदूषण रोकने में नाकामी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व जलनिगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं और तल्ख टिप्पणी की है। इससे जिले में तैनात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अफसर भी चिंतित हैं। उनका कहना है कि प्रदूषण नियंत्रण की जरूरी परियोजनाएं धरातल पर नहीं उतर सकी है।गोरखपुर से होकर बहने वाली राप्ती नदी को गंगा की सहायक नदी माना जाता है, लेकिन नदी में गंदे नालों को गिरने से रोकने के ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सख्ती के बाद भी शहर के 21 बड़े व 18 छोटे नालों का गंदा पानी राप्ती नदी के साथ रोहिन नदी और रामगढ़ताल में गिर रहा है। रोज प्रदूषित हो रहीं नदियां शहर में नालों की लंबाई करीब 61 किलोमीटर हैं। राप्ती नदी में प्रतिदिन करीब 55 मिलियन लीटर प्रदूषित पानी गिरता है। सबसे अधिक गंदगी सिविल लाइंस, कार्मल स्कूल, पुलिस लाइंस, धर्मशाला बाजार, जाफरा बाजार से इलाहीबाग तक जाने वाले नाले से होती है। इस नाले से 25 हजार से अधिक घरों का पानी राप्ती नदी में पहुंचता है। यही हाल रोहिन नदी का भी है। रोहिन नदी राप्ती नदी में मिलती है और राप्ती नदी सरयू में जाकर विलीन होती है। सरयू आगे जाकर गंगा नदी में मिलती है। इस तरह रोहिन और राप्ती की गंदगी गंगा तक पहुंच रही है।नालों के पानी का शोधन अधूरा उराप्ती और रोहिन नदी में शहर के 15 नालों का पानी गिरता है। इनमें से पांच नालों के गंदे पानी को बायोरिमेडिएशन विधि से शोधित किया जा रहा है, लेकिन 10 नालों के गंदे का फाइटो रिमेडिएशन विधि से शोधन का काम अधूरा है।रामगढ़ताल में गिरने वाले नाले रामगढ़ताल में गिरने वाले नालों की संख्या- 24 (डिस्चार्ज- 43.82 एमएलडी) एसटीपी में टैप किए गए नालों की संख्या - 06 (डिस्चार्ज - 37 एमएलडी) जलनिगम द्वारा टैप किए जा रहे नालों की संख्या- 07 (डिस्चार्ज- 5.46 एमएलडी) बायोरिमेडिएशन से शोधित किए जा रहे नालों की संख्या- 18 (डिस्चार्ज- 6.82 एमएलडी)राप्ती नदी में गिर रहे नाले राप्ती नदी में गिर रहे नालों की संख्या- 09 (डिस्चार्ज 49.97 एमएलडी) उबायोरिमेडिएशन से शोधित किए जा रहे नालों की संख्या- 03 (डिस्चार्ज- 38.55 एमएलडी) रोहिन नदी में गिर रहे नाले रोहिन नदी में गिर रहे नालों की संख्या- 06 (डिस्चार्ज 27.01 एमएलडी) बायोरिमेडिएशन से शोधित किए जा रहे नालों की संख्या 02 (डिस्चार्ज- 14 एमएलडी)क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी पंकज यादव ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगातार काम किया जा रहा है। आमी नदी में गिर रहे उद्योगों के दूषित पानी के शोधन के कॉमन इफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) की स्वीकृति अंतिम चरण में है। रामगढ़ताल में गिरने वाले अधिकतर नालों को टैप किया जा चुका है। जो बचे हैं, उनको टैप करने का काम अंतिम चरण में है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की डीपीआर शासन को भेजी जा चुकी है। इसे राप्ती और रोहिन नदी में गिरने वाले नालों के गंदे पानी के शोधन के लिए लगाया जाएगा। शहर में हवा की गुणवत्ता पहले की तुलना में काफी बेहतर हुई है।

# गीडा में अनियंत्रित स्कूल बस पलटी

**देवरीया।** पांच विद्यार्थी चुटहिलसूचना पर पहुंचे एसपी नार्थ मनोज अवस्थी के आदेश पर बस चालक को हिरासत में लेकर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। बस के फिटनेस की जांच भी पुलिस करा रही है। हादसा क्यों हुआ चोट लगी है। पलटने के बाद बस के सामने का शीशा टूट गया। इसी रास्ते से विद्याथियों को बाहर निकाला जा सका। बस चालक को हिरासत में लेकर जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, सहजनवां थाना क्षेत्र के भीटी रावत




इसके बारे में अभी चालक कुछ नहीं बता पा रहा है। गोरखपुर जिले के गीडा इलाके के गाहासाड़ के पास बृहस्पतिवार सुबह विद्यार्थियों से भरी स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में 25 विद्यार्थी सवार थे। इनमें से पांच बच्चों को स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल की बस जैतपुर, पिपरौली, बोक्टा, कालेसर होते हुए गाहासाड़ तक गई। विद्यार्थियों बस में बैठाया, फिर वापस विद्यालय जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस तेज गति से चल रही थी।

# सहजनवां थाना प्रभारी निरीक्षक व दरोगा हुए निलंबित

**गोरखपुर।** जांच शुरूगोरखपुर जिले के सहजनवां थाना परिसर में ही गुरुवार सुबह प्रभारी निरीक्षक अंजुल चतुर्वेदी व दरोगा राम प्रवेश सिंह आपस में मारपीट करने के कारण दोनों को निलंबित कर दिया




गया है। मारपीट की घटना फरियादियों के सामने ही हुई थी। इससे पुलिस की छवि धूमिल हुई है। गोरखपुर जिले के सहजनवां थाना परिसर में ही गुरुवार सुबह प्रभारी निरीक्षक अंजुल चतुर्वेदी व दरोगा राम प्रवेश सिंह आपस में मारपीट करने के कारण दोनों को निलंबित कर दिया गया है। मारपीट की घटना फरियादियों के सामने ही हुई थी। इससे पुलिस की छवि धूमिल हुई है। इस वजह से एसएसपी ने कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक, दरोगा राम प्रवेश सिंह कुर्सी पर बैठकर फरियादियों से बात कर रहे थे। इसी बीच थाना प्रभारी अंजुल चतुर्वेदी अपने कक्ष से निकले और दरोगा को बुलाने लगे। आरोप है कि प्रभारी निरीक्षक ने कई बार आवाज दी, लेकिन दरोगा ने कुछ नहीं कहा। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक खुद दरोगा के पास पहुंच गए। उन्होंने दरोगा से सवाल किया और बात नहीं सुनने का आरोप लगाया। इससे बात आगे बढ़ी और विवाद होने लगा। सूत्रों के मुताबिक, दोनों एक दूसरे को देख लेने की धमकी देने लगे। गालीगलौज भी की और एक दूसरे से हाथापाई कर ली। थाना परिसर में ही भिड़ंत देखकर दूसरे पुलिस कर्मी व फरियादी हैरान रह गए। इसी बीच एक मुंशी ने दरोगा को पकड़कर अलग किया। इसके बावजूद गालीगलौज का सिलसिला चलता रहा। कुछ देर बाद दरोगा अपने आवास पर चले गए। प्रभारी निरीक्षक कार्यालय में बैठे रहे।

# गोरखपुर में सात व्यावसायिक इमारतें सील, अवैध निर्माण के खिलाफ जीडीए ने चलाया अभियान

**गोरखपुर।** जीडीए उपाध्यक्ष प्रेम रंजन सिंह ने कहा कि इस तरह का अभियान आगे भी जारी रहेगा। जनता से अपील है कि वे बिना मानचित्र स्वीकृत कराए या शमन कराए बिना निर्माण न कराए। जांच के दौरान ऐसे निर्माण को सील या ध्वस्त करा दिया जाएगा। जिनकी इमारतें सील हुई हैं उन्हें शमन कराना होगा। गोरखपुर शहर में चल रहे अवैध निर्माण के खिलाफ गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। टीम ने रुस्तमपुर, तारामंडल और मेडिकल रोड क्षेत्र की सात व्यावसायिक इमारतों को सील कर दिया। अचानक हुई इस सख्ती से निर्माण करा रहे आसपास के लोगों में भी हड़कंप मच गया। कार्रवाई से बचने के लिए दो भवन मालिकों ने शमन मानचित्र स्वीकृत कराने पर सहमति जताते हुए शमन



शुल्क के तौर पर 10-10 लाख रुपये एडवांस में जमा भी कर दिए। जीडीए उपाध्यक्ष प्रेम रंजन सिंह के निर्देश पर अधिशासी अभियंता किशन सिंह के नेतृत्व में जीडीए की प्रवर्तन टीम सुबह ही अनधिकृत निर्माण की जांच के लिए निकली। टीम ने पहले तारामंडल क्षेत्र के निर्माण की जांच की। इस दौरान टीम ने बुद्ध विहार व्यावसायिक में सत्यभामा देवी द्वारा 500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में निर्मित चार मंजिला व्यावसायिक भवन को सील कर दिया। इसी क्षेत्र में सादिका पांडेय द्वारा भूतल एवं प्रथम तल पर 400 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा था। इसे भी सील कर दिया गया। आदित्य चौबे द्वारा 500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में कराए जा रहे चार मंजिला व्यावसायिक भवन को भी सील किया गया।

# स्पाइस जेट की सभी उड़ानें 31 जुलाई तक के लिए निरस्त

**गोरखपुर।** परेशान यात्री तलाश रहे विकल्पस्पाइस जेट की मुंबई की उड़ान बृहस्पतिवार को भी निरस्त रही। अचानक उड़ान रद्द होने से यात्री परेशान रहे। संबंधित शहरों की यात्रा के लिए विकल्प तलाशते दिखे। इसी बीच सूचना आई कि शुक्रवार से 31 जुलाई तक मुंबई, दिल्ली, कानपुर और वाराणसी के लिए विमान कंपनी ने अपनी सभी उड़ानें निरस्त कर दी हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के प्रतिबंध का असर विमान कंपनी स्पाइस जेट की गोरखपुर एयरपोर्ट से होने वाली उड़ानों पर भी पड़ा है। स्पाइस जेट की 31 जुलाई तक सभी उड़ानें निरस्त कर दी गई हैं। यात्री अब यात्रा के लिए नया विकल्प तलाश रहे हैं। विमान सेवा मुंबई, दिल्ली, कानपुर और वाराणसी के लिए थी। स्पाइस जेट की मुंबई की उड़ान बृहस्पतिवार को भी निरस्त रही। अचानक उड़ान रद्द होने से यात्री परेशान रहे। संबंधित शहरों की यात्रा के लिए विकल्प तलाशते दिखे। इसी बीच सूचना आई कि शुक्रवार से 31 जुलाई तक मुंबई, दिल्ली, कानपुर और वाराणसी के लिए विमान कंपनी ने अपनी सभी उड़ानें निरस्त कर दी हैं। उड़ानें रद्द




होने से परेशान यात्री इंडिगो के विमान में टिकट करा रहे हैं। कुछ ट्रेनों में सीट तलाश रहे हैं। आशंका है कि गोरखपुर से स्पाइस जेट की उड़ानें आगे भी प्रभावित हो सकती हैं। गोरखपुर एयरपोर्ट के मुख्य सुरक्षा अधिकारी विजय कौशल का कहना है कि फिलहाल, 31 जुलाई तक स्पाइस जेट की गोरखपुर से सभी उड़ानें निरस्त होने की सूचना मिली है। तकनीकी खामी से बीच रास्ते से मुंबई लौटा था विमान 28 मई की सुबह मुंबई से उड़ान भरने के कुछ देर बाद स्पाइस जेट के विमान में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिससे विमान को मुंबई लौटना पड़ा था। यह विमान सुबह 5:55 बजे मुंबई से उड़ान भरकर 8:25 बजे गोरखपुर पहुंचता है। 28 मई को तय समय से उड़ान भरने के एक घंटे बाद खराबी आ गई थी। इस कारण पायलट को विमान मुंबई की तरफ मोड़ना पड़ा था। एक महीने से है दिक्कत बीते एक महीने में स्पाइस जेट के कई विमानों में तकनीकी खामी सामने आई है। इसके बाद आठ सप्ताह के लिए स्पाइसजेट की पचास फीसदी उड़ानों पर रोक लगा दी गई है। एक अप्रैल से पांच जुलाई के बीच विमानों में गड़बडियों के बाद जारी कारण बताओ नोटिस पर कंपनी के जवाब की समीक्षा के बाद डीजीसीए ने प्रतिबंध लगाया है।

# डबडबाई आंखों से कागज को चूम अजहर ने किया जिंदा होने का एहसास बोले- ये दूसरा जन्म है

**गाजीपुर।** गाजीपुर भैंसही निवासी अजहर बेग को ग्राम सचिव की मिलीभगत से पट्टीदारों ने कुटुंब रजिस्टर में मृत घोषित करा दिया था। बेग ने न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन के यहां न्याय की गुहार लगाई है देवरिया जिले के गाजीपुर भैंसही गांव निवासी मिर्जा अजहर बेग आखिरकार गुरुवार को कुटुंब रजिस्टर में जिंदा हो गए। ग्राम सचिव बलवीर यादव ने बेग के जीवित होने का प्रमाणपत्र दे



दिया। हाथ में कुटुंब पंजिका की नकल पाते ही अजहर बेग की आंखें डबडबा आईं। कागज में अपना नाम देख भावुक हुए बेग ने उसे चूमकर खुद के जिंदा होने का एहसास किया। गाजीपुर भैंसही गांव के मिर्जा अजहर बेग का ग्राम सचिव की ओर से मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया था। इस संबंध में अमर उजाला ने 20 जुलाई को कुटुंब रजिस्टर में सचिव ने अजहर बेग को मार दिया... शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद खंड विकास अधिकारी कार्यालय में हड़कंप मच गया। बेग ने मामले की जांच के लिए एसडीएम से शिकायत की। एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार और बीडीओ ने जांच की। ग्राम सचिव ने गांव में खुली बैठक कराई, जिसमें ग्राम पंचायत के सदस्यों ने एक स्वर से अजहर बेग के जिंदा होने की बात कही। बैठक में प्रस्ताव पारित कराने के बाद कुटुंब रजिस्टर को ठीक किया गया। अजहर बोले, धन्यवाद अमर उजाला मिर्जा अजहर बेग को कागज में मृतक दिखाने के मामले को अमर उजाला ने प्रमुखता से उठाया। इसके बाद अजहर बेग को न्याय मिला। उन्होंने अमर उजाला को धन्यवाद दिया। इस दौरान खुशी से उनकी आंखें छलछला गईं। उन्होंने कहा कि सच से लड़ने के लिए अमर उजाला के जोश ने मुझे जीत दिलाई। अजहर बेग को कागज में मारने वाले कोर्ट में तलब कागज में मार दिए गए गाजीपुर भैंसही के मिर्जा अजहर बेग ने बृहस्पतिवार को सिविल जज जूनियर डिवीजन की अदालत में अपने बयान दर्ज कराए। न्यायाधीश श्रीकांत गौरव ने बेग को कागज में मृत घोषित कराने वालों को अगली तारीख पर तलब किया है। रुद्रपुर कोतवाली के गाजीपुर भैंसही निवासी अजहर बेग को ग्राम सचिव की मिलीभगत से पट्टीदारों ने कुटुंब रजिस्टर में मृत घोषित करा दिया था। बेग ने न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन के यहां न्याय की गुहार लगाई है। अपनी अर्जी में बेग ने कहा है कि संपत्ति हड़पने की नीयत से कूटरचित दस्तावेज के आधार पर उन्हें कुटुंब रजिस्टर में मृत घोषित कर दिया गया है। कुटुंब रजिस्टर में उन्हें जिंदा करने के साथ ही आरोपियों को उचित दंड देने की प्रार्थना की है।

# चार दशक से 'पन्ना' को कॉमनवेल्थ में सोने का इंतजार

**गाजीपुर।** 1978 में ठोकी थी तालअंतरराष्ट्रीय पहलवान पनन्लाल यादव चार दशक से कॉमनवेल्थ गेम में गोरखपुर के पहलवानों से भी पदक की आस है। वर्ष 1978 में कनाडा के एडमिंटन में आयोजित हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में 25 वर्ष के युवा पहलवान पनन्लाल यादव(82 किलोभार) ने भी भाग लिया था। मैट पर उन्होंने आस्ट्रेलिया और



न्यूजीलैंड के धुरंधर पहलवानों को धूल चटाकर न केवल गोरखपुर बल्कि देश का झंडा बुलंद किया था। मगर, क्वार्टर फाइनल में कनाडा के पहलवान से भिड़ंत के दौरान घुटने में लगी चोट ने उनके साथ साथ गोरखपुरवासियों के कॉमनवेल्थ में पहले पदक की आस तोड़ दी। इसकी कसक आज भी उनके जहन में है। वह चाहते हैं कि गोरखपुर के पहलवानों का डंका भी कॉमनवेल्थ गेम्स में बजे। समय बदला, खेल की तकनीक बदली, सुविधा और संसाधन भी बदले, देश को पदक भी मिला मगर, कॉमनवेल्थ गेम्स में गोरखपुर के पदक की चाह आज तक पूरी नहीं हो सकी है।पनन्लाल यादव ने बताया कि चार दशक पहले इतनी सुविधाएं खिलाड.ियों को नहीं मिलती थी। प्रैक्टिस अखाड़ों और व्यायामशालाओं में मिट्टी पर होती थी। तब भी गोरखपुर के पहलवानों ने विभिनन्न अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी चमक बिखेरी है। अब, सुविधा और संसाधन बढ़ गए हैं। केंद्र और राज्य सरकार संसाधनों को उपलब्ध करा रही है। विजेताओं को अच्छी धनराशि मिल रही। मगर इसके बावजूद हरियाणा, पंजाब और दिल्ली की अपेक्षा हम पीछे हैं। इसकी मूल वजह नौकरियों का अभाव है। मेरी सरकार से गुजारिश है कि वो सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वालों को नौकरी देने का एलान करे। इससे खिलाड.ियों और अभिभावकों की रूचि खेल में बढ़ेगी। स्कूलों में खेल को अनिवार्य कर दिया जाए।



# खेत में गिरी बिजली, धान की रोपाई कर रहीं पांच महिलाओं समेत छह मजदूर झुलसे

**सोनभद्र।** सोनभद्र के अदलगंज गांव में शुक्रवार को धान की रोपाई करते वक्त खेत में बिजली गिर गई। चपेट में आने से पांच महिलाओं समेत छह मजदूर झुलस गए। सोनभद्र के अदलगंज गांव में शुक्रवार को बिजली गिरने से धान की रोपाई कर रहे छह मजदूर झुलस गए। इसमें पांच महिलाएं हैं। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक की हालत गंभीर बनी हुई है। रिमझिम बारिश के बाद कुछ इलाकों में धान की रोपाई शुरू हो गई है। शुक्रवार को चोपन थाना क्षेत्र के अदलगंज गांव निवासी रामलखन के खेत में मजदूर धान की रोपाई कर रहे थे। दोपहर में तेज गरज के साथ खेत में बिजली गिर गई। इससे रोपाई कर रहीं शिव कुमारी (58) पत्नी नंदलाल निवासी मीतापुर, अनीता (31)पत्नी सागर निवासी कुरछा, फूलझारी (45) पत्नी वीरभद्र निवासी बगनारी, बसंती (45) पत्नी रामजियावन निवासी कुरूहूल, चिरौंजिया (44) पत्नी दीपनारायण निवासी अदलगंज, सोहन (30) पुत्र रामप्यारे निवासी अदलगंज झुलस गए। आनन-फानन सभी को जिला अस्पताल ले जा गया। घायलों में शिवकुमारी की हालत गंभीर है।



# एक साथ 78 स्कूलों की जांच, तीन शिक्षकों समेत 14 गैरहाजिर

**सोनभद्र।** बेसिक शिक्षा विभाग के अफसरों की टीम ने बृहस्पतिवार को घोरावल ब्लॉक के 78 विद्यालयों की जांच की। इस दौरान बिना सूचना के तीन शिक्षक, आठ शिक्षामित्र और तीन अनुदेशक 78 विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कराया। निरीक्षण के दौरान शिकायत काफी हद तक सही निकली। बीएसए ने बताया कि उच्च प्राथमिक विद्यालय ओबराडीह के सहायक अध्यापक मनोज कुमार




अनुपस्थित मिले। बीएसए के निर्देश पर सभी को नोटिस जारी करते हुए शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय पर रोक लगा दी गई है। शिक्षकों का वेतन रोक दिया गया है। कुछ दिनों पूर्व बीएसए को शिकायत मिली थी कि घोरावल विकास खंड क्षेत्र के कई स्कूलों से अक्सर कुछ शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक नदारद रहते हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बृहस्पतिवार को बीएसए ने स्वयं और सभी बीईओ, जिला समन्वयक की टीम बनाकर न्याय पंचायत आवंटित करते हुए सिंह, प्राथमिक विद्यालय ओदार के प्रेम प्रकाश, कंपोजिट विद्यालय हिनौती के श्याम बिहारी लाल समेत आठ शिक्षामित्र और तीन अनुदेशक अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित शिक्षकों का एक दिवस का वेतन अवरुद्ध करते हुए सभी से इस आशय का स्पष्टीकरण मांगा गया है कि क्यों न आपका अनुपस्थित दिवस का वेतन काटते हुए आपकी सेवा पंजिका में सेवा व्यवधान अंकित कर दिया जाए। साथ ही अनुपस्थित शिक्षामित्र व अनुदेशकों का निरीक्षण तिथि का मानदेय अवरुद्ध करते उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# हरियाली तीज पर गीत संगीत का आयोजन

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज शहर के चंडी तिराहा के समीप महिलाओं ने हरियाली तीज के अवसर पर राजस्थानी, पंजाबी, भोजपुरी फिल्मी गीतों पर नृत्य किया। कविता जायसवाल ने पंजाबी भांगड़ा पर प्रस्तुति दी। महिलाओं ने मेहंदी रचाई और झूला झूला। सावन के गीतों पर नृत्य किया। इस मौके पर समाजसेवी कोमल पाण्डेय, मनीषा राय, अनामिका पाण्डेय, सिंधु शुक्ला, ऋतु विश्वकर्मा, सरिता, सुधा सिंह, सत्यमा मिश्रा, शांति, लक्ष्मी देवी, शारदा आदि मौजूद रही।

# महायोजना 2031 पर तीन सौ लोगों ने जताई आपत्ति

**मिर्जापुर ।** विंध्याचल विकास प्राधिकरण की तरफ से प्रस्तावित महायोजना 2031 को लेकर नगर के एएसजे इंटर कॉलेज परिसर में चल रही जनसुनवाई के दौरान बृहस्पतिवार को तीन सौ लोगों ने अपनी आपत्तियों के समर्थन में साक्ष्य प्रस्तुत किए। इसी के साथ ही जनसुनवाई का समापन कर दिया गया। मिर्जापुर विंध्याचल प्राधिकरण की ओर से महायोजना 2031 का प्रारूप प्रस्तावित किया गया है। इस पर लोगों से आपत्तियां एवं सुझाव मांगे गए थे। प्रस्तावित महायोजना पर 3550 आपत्तियां तथा 450 सुझाव लोगों की तरफ से दिए गए थे। आपत्तियों व सुझावों पर 19 जुलाई से जनसुनवाई चल रही थी। जनसुनवाई के अंतिम दिन बृहस्पतिवार को तीन सौ लोगों ने अपनी आपत्तियों के समर्थन में साक्ष्य प्रस्तुत किए। पहले दिन 450 लोगों को बुलाया गया था। जिसमें से 410 उपस्थित हुए और उन्होंने अपनी बातें रखीं तथा उसके समर्थन में साक्ष्य प्रस्तुत किया। प्राधिकरण के सचिव सिटी



मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह ने बताया कि लगभग 95 प्रतिशत लोग इस जनसुनवाई में शामिल हुए। इस अवसर पर प्राधिकरण के सचिव व सिटी मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, टाउन प्लानर उदयन तथा नगर पालिका परिषद मिर्जापुर के अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# घायल के पेट से गोली निकालने के लिए वाराणसी से बुलाए गए थे विशेषज्ञ

**मिर्जापुर ।** सक्तेशगढ़ स्थित स्वामी अड़गड़ानंद के परमहंस आश्रम में बृहस्पतिवार की सुबह विश्राम कक्ष के पास कई राउंड गोली चलने से एक बाबा की मौत हो गई, जबकि एक अन्य बाबा घायल हो गए। मिर्जापुर के सक्तेशगढ़ स्थित स्वामी अड़गड़ानंद के परमहंस आश्रम में बृहस्पतिवार की



सुबह विश्राम कक्ष के पास कई राउंड गोली चलने से एक बाबा की मौत हो गई, जबकि एक अन्य बाबा घायल हो गए। घायल बाबा का चंदौली के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। परमहंस आश्रम में गोली लगने से घायल आशीष बाबा को चंदौली जिले के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। स्वामी जी के शिष्य डॉ. धनंजय सिंह के हॉस्पिटल में सुबह के करीब नौ बजे आशीष बाबा को लाया गया। इससे पहले वाराणसी से विशेषज्ञ डॉक्टर को बुला लिया गया था। आते ही उनका ऑपरेशन किया गया और आंत में फंसी गोली निकाली गई। डॉ.धनंजय सिंह ने बताया कि बाबा खतरे से बाहर हैं। पहले भी एक सेवादर पर हमला कर चुका था जीवन बाबा हॉस्पिटल में ही पत्रकारों से बातचीत के दौरान आश्रम के प्रमुख सेवादार प्रशांत सिंह ने बताया कि सुबह पता चला कि आश्रम में एक अपराधी घुस गया है, जिसने अपने दोनों हाथ में असलहा ले रखा था। सूचना पर आशीष महाराज उसको पकड़ने गए तो उसने गोली मार दी। सेवादार ने जीवन बाबा को अपराधी बताते हुए कहा कि इससे पहले भी वह एक सेवादार पर हमला कर चुका है। इसका मुकदमा आश्रम की तरफ से दर्ज कराया गया था। पीडीडीयू नगर से गाड़ी बुक कर आश्रम गया था साधु मिर्जापुर के सक्तेशगढ़ स्थित स्वामी अड़गड़ानंद के परमहंस आश्रम में बृहस्पतिवार को खुद को गोली मारने वाले साधु जीवन बाबा ने बुधवार को पीडीडीयू नगर रेलवे स्टेशन से गाड़ी बुक की थी। सूत्रों के अनुसार, साधु सफेद कपड़ों में बुधवार को रेलवे स्टेशन स्थित टैक्सी स्टैंड पर पहुंचा था। इनके बाद उसने चालक से किलोमीटर के हिसाब से गाड़ी बुक करने को कहा। चर्चा है कि साधु ने बताया कि उसे सक्तेशगढ़ आश्रम जाना है।

# दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की कैद, 40 हजार रुपये अर्थदंड

**सोनभद्र।** नौ वर्ष पूर्व किशोरी से दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने दोषी को दस वर्ष कैद की सजा सुनाई है। चालीस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 40 हजार रुपये पीडिता को मिलेगी अभियोजन के मुताबिक दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 28 मार्च 2013 को उसकी बेटी (15) शात सात बजे घर पर अकेली थी। उसे अकेला पाकर दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के दुमहान गांव निवासी राजन कुशवाहा खींचकर बाहर ले जाने



का प्रयास करना लगा तभी बेटा आ गया और उसके विरोध करने पर राजन भाग गया। पुनः 30 मार्च को दोपहर में पता चला कि बेटी को लेकर राजन गायब हो गया। इस तहरीर पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कर विवेचना की और न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान राजन को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष की कैद एवं 40 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वही अर्थदंड की समूची धनराशि 40 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह एडवोकेट ने बहस की।

# मिर्जापुर में सुसाइड करने वाला साधु निकला हत्यारा, दिलचस्प है जितेंद्र वैश से जीवन बाबा बनने की कहाना

**सोनभद्र।** स्वामी अड़गड़ानंद के परमहंस आश्रम में आत्महत्या करने वाले साधु जीवन बाबा का मध्यप्रदेश से गहरा कनेक्शन है। वे मर्डर के केस में फरारी काट रहे थे। उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर में सक्तेशगढ़ स्थित स्वामी अड़गड़ानंद के परमहंस आश्रम में गुरुवार सुबह गोली लगने से जिस साधु जीवन बाबा उर्फ जीत (45 साल) की मौत हुई है। उसका मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले से खास संबंध है। दरअसल जीवन



बाबा कोई और नहीं बल्कि शिवपुरी जिले में 30 साल पहले हुए एक मर्डर का मुख्य आरोपी जितेंद्र वैश है, जिसे दोषी पाए जाने पर उम्रकैद की सजा मिली थी, लेकिन जितेंद्र वैश उर्फ जीवन बाबा सेंट्रल जेल की दीवार फांदकर भाग निकला और उसके बाद से अब तक भेष बदलकर फरारी काट रहा था। जितेंद्र वैश से जीवन बाबा बनने का सफर शिवपुरी के कमलागंज में रहने वाले जितेंद्र वैश के पिता सीताराम पुलिस विभाग में नौकरी किया करते थे, बड़ा भाई भी पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। जितेंद्र ने महज 15 साल की उम्र में अपने हाथ खून से रंग लिए थे। अपराध की राह पर चलते हुए जितेंद्र ने साथियों के साथ मिलकर संजू भदौरिया नाम के एक युवक की हत्या की थी। संजू एसपी ऑफिस में पदस्थ रामअवतार भदौरिया का बेटा था। इस केस में जितेंद्र दो साल शिवपुरी की जेल में बंद रहा। दोषी पाए जाने पर उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गई, लेकिन वह सेंट्रल जेल की दीवारें पारकर भाग गया। बताया जाता है कि जितेंद्र वैश उर्फ जीवन बाबा भेष बदलने में बड़ा माहिर था। पुलिस क्या जितेंद्र के घरवालों को भी उसका 30 साल पहले वाला चेहरा याद नहीं है। बीते 30 सालों से शिवपुरी पुलिस जितेंद्र की तलाश में थी, लेकिन हत्यारा जितेंद्र जीवन बाबा के भेष में आजाद घूम रहा था। आश्रम में दे चुका है आपराधिक घटनाओं को अंजाम जितेंद्र भेष बदलकर आश्रम में रहा करता था। उसने आश्रम में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया था, जिसकी शिकायत भी दर्ज की गई थी, मामला दर्ज होने पर शिवपुरी में जांच की गई लेकिन तब मामले का खुलासा नहीं हुआ था, वहीं तब से जीवन बाबा फरार था। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब तीन महीने पहले तक जीवन बाबा आश्रम की रसोई का काम देखते थे। इसी दौरान उन्होंने नाराज होकर किसी के ऊपर खौलता तेल फेंक दिया था। इस पर स्वामी अड़गड़ानंद महाराज ने उसे आश्रम से निष्कासित कर दिया था। लेकिन वह आश्रम में आते-जाते रहते थे। बुधवार शाम को जीवन बाबा उर्फ जितेंद्र पैंट-शर्ट पहनकर आश्रम में आया था, जिसके चलते उन्हें किसी ने नहीं पहचाना। वह खाना खाकर आश्रम में ही सो गए। गुरुवार सुबह स्वामी अड़गड़ानंद महाराज रोज की तरह टहलने निकले थे। वापस अपने कमरे में पहुंचकर ध्यान में लीन हो गए। इसी बीच जीवन बाबा स्वामी जी के कमरे में घुसने की कोशिश करने लगे। कमरे के बाहर खड़े आशीष महाराज ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसके बाद दोनों में हाथापाई शुरू हो गई। इस दौरान जीवन बाबा ने तमंचा निकालकर आशीष महाराज को गोली मार दी। गोली उनके पेट में लगी। इसके बाद दूसरे तमंचे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।


# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रर्मो की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सिक्योरिटि सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्रः** सफल प्रशिक्षणर्थियों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते यभी सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा विधार्थियों के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः 31 जुलाई 2022
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज
सम्पर्क सूत्रः– 0532–2695959, 9415608710, 6386474074, 9415608790

# वनडे सीरीज जीतने के बाद भारत की निगाह टी20 सीरीज पर, जानें कहां देखें मैच

**नई दिल्ली।** भारत के नियमित कप्तान रोहित शर्मा सहित भारत के कई स्टार खिलाड़ी इस सीरीज में खेल रहे हैं। स्टार खिलाडियों से भरपूर टीम इंडिया जीत की लय बरकरार रखना चाहेगी और टी20 विशन कप की तैयारी करना चाहेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज जीतने के बाद टीम इंडिया टी20 सीरीज में जीत के साथ शुरुआत करना चाहेगी। भारत पहली बार वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच टी20 मैच की सीरीज खेल रहा है। इससे पहले वेस्टइंडीज ने भारत से सिर्फ दो सीरीज जीती हैं, लेकिन किसी सीरीज में एक से ज्यादा मैच नहीं जीत पाई है। ऐसे में टीम इंडिया के लिए यह सीरीज जीतना भी बहुत मुश्किल नहीं होगा। भारत के नियमित कप्तान रोहित शर्मा सहित भारत के कई स्टार खिलाड़ी इस सीरीज में खेल रहे हैं। हालांकि, लोकेश राहुल और विराट कोहली की कमी खलेगी। इसके बावजूद स्टार खिलाडियों से भरपूर टीम इंडिया जीत की लय बरकरार रखना चाहेगी और टी20 विशन कप की तैयारी करना चाहेगी। ऐसे में पहला मैच बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। आइए जानते हैं इस मैच के प्रसारण और ऑनलाइन टेलीकॉस्ट से जुड़ी सारी जानकारी कब होगा भारत और वेस्टइंडीज के बीच



पहली टी20 मैच भारत और वेस्टइंडीज के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला 29 जुलाई यानी शुक्रवार को खेला जाएगा। कहां खेला जाएगा भारत और वेस्टइंडीज के बीच मैच भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टी20 मुकाबला त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम, तौरोबा में खेला जाएगा। कब शुरू होगा भारत और वेस्टइंडीज का मुकाबला भारत और वेस्टइंडीज के मैच में टॉस भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे होगा और पहली गेंद रात आठ बजे फेकी जाएगी। कौन से टीवी चैनल पर प्रसारित होगा मैच भारत-वेस्टइंडीज सीरीज के प्रसारण का अधिकार फैनकोड ग्रुप के पास है। टीवी में मैच का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर किया जाएगा। डीडी स्पोर्ट्स चैनल के लिए कोई शुल्क नहीं देना पड़ता है। ऐसे में आप बिना कोई पैसा दिए इस सीरीज के मैच देख सकते हैं। कहां देख सकते हैं लाइव मैच भारत-वेस्टइंडीज सीरीज के सभी मैच की लाइव-स्ट्रीमिंग भारत में फैनकोड एप या फैनकोड वेबसाइट पर देखी जा सकती है। इसके अलावा आप मैच से जुड़ी खबरें, लाइव अपडेट्स और रिकॉर्ड्स पर भी पढ़ सकते है। दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11 वेस्टइंडीज की संभावित टीम ब्रेंडन किंग, काइल मायर्स, निकोलस पूरन (कप्तान), शिमरोन हेटमायर, रोवमन पॉवेल, ओडियन स्मिथ, जेसन होल्डर, अकील हुसैन, रोमारियो शेफर्ड, ऑबेड मैकॉय और हेडन वॉल्श जूनियर/अल्जारी जोसेफ भारत की संभावित टीम रोहित शर्मा (कप्तान), ऋषभ पंत, दीपक हुड्डा/ श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, दिनेश कार्तिक, अक्षर पटेल, हर्षल पटेल, आर अश्विन/ कुलदीप यादव, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह।

# जीत के साथ टी20 सीरीज की शुरुआत करना चाहेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** जानें भारत की संभावित प्लेइंग-11रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम जीत के साथ टी20 सीरीज की शुरुआत करना चाहेगी। भारत के नियमित कप्तान बनने के बाद रोहित शर्मा सिर्फ दो मैच हारे हैं। इस सीरीज में भी वो जीत का सिलसिला बरकरार रखना चाहेंगे।भारतीय टीम अपने मजबूत खिलाडि़यों की मौजूदगी में शुक्रवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में दमदार प्रदर्शन



कर लगातार दूसरी श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान में उतरेगी। टी-20 विश्व कप में तीन महीने से भी कम समय बचा है जिससे कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ को अपनी 'कोर' टीम पक्की करने के लिए करीब 16 मैच (वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच, एशिया कप में अगर भारत फाइनल खेलता है तो पांच मैच, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच) मिलेंगे।रोहित, ऋषभ पंत, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या और दिनेश कार्तिक जैसे पांच विशेषज्ञ बल्लेबाजों के शीर्ष छह में शामिल होने के बारे में महज विचार करना ही प्रतिद्वंद्वी टीम को दबाव में ला सकता है। वह भी ऐसे समय में जब विराट कोहली के स्तर का खिलाड़ी छोटे प्रारूप में बुरी तरह से विफल हो रहा है और अंतिम एकादश में उनके स्थान को लेकर संशय के बादल छाये हुए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ शानदार लय में था भारत वेस्टइंडीज से पहले इंग्लैंड के खिलाफ हुई श्रृंखला ने दिखा दिया कि भले ही उनके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कोहली का बल्ला नहीं चल रहा हो लेकिन भारत के सफेद गेंद के खिलाडि़यों की क्रीज पर मौजूदगी दमदार रही। वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला तकनीकी रूप से तीन विभिन्न देशों (त्रिनिदाद एवं टोबैगो, सेंट किट्स एंड नेविस और अमेरिका) में खेली जाएगी। दीपक हुड्डा ने अभी तक जितने भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, उन्होंने दिखा दिया है कि वह इसमें अच्छा कर सकते हैं। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ शतक जड़ा और इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टी20 में भी वह अच्छी लय में दिखे लेकिन उन्हें कोहली की वापसी के कारण बाहर होना पड़ा। इस सीरीज में हुड्डा को मौका मिल सकता है। वहीं, ऋषभ पंत एक बार फिर रोहित के साथ पारी की शुरुआत कर सकते हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में भी ओपनिंग की थी भारत की संभावित टीम रोहित शर्मा (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, दिनेश कार्तिक, रवींद्र जडेजा, हर्षल पटेल, भुवनेश्वर कुमार, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह।

# घाना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम, 16 साल बाद पदक की आस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय टीम का पहला मैच घाना से है। यह मैच जीतकर टीम इंडिया अपने अभियान की शुरुआत करना चाहेगी। भारतीय महिलाओं ने 2006 में आखिरी बार कोई पदक जीता था। मेलबर्न में रजत पदक जीतने के बाद महिला हॉकी टीम कभी



पदक नहीं जीत पाई। भारतीय महिला हॉकी टीम राष्ट्रमंडल खेलों में 16 वर्षों से चले आ रहे पदक के सूखे को खत्म करने के इरादे से शुक्रवार को घाना के खिलाफ जीत दर्ज कर अपने अभियान की शुरुआत करना चाहेगी। भारत पूल ए में इंग्लैंड, कनाडा, वेल्स और घाना के साथ है। वहीं पूल बी में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड और केन्या है। गोल्ड कोस्ट (2018) में भारतीय महिलाएं चौथे स्थान पर रहकर बिना पदक ही लौटी थीं। इस बार सविता पूनिया की टीम पदक लेकर ही लौटना चाहेगी। हाल ही में हुए विश्वकप में भी भारत नौवें स्थान पर रहा था। हालांकि पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में भारतीय महिलाएं चौथे स्थान पर रही थीं। उससे उनका हौसला बढ़ा हुआ है। भारतीय महिलाओं ने 2006 मेलबर्न में रजत पदक जीता था, तब से कोई पदक नहीं जीता है। वहीं, 2002 मैनचेस्टर में स्वर्ण पदक जीता था। टीम को राष्ट्रमंडल खेलों में ग्रुप में इंग्लैंड से कड़ी टक्कर मिलेगी। वहीं, नाकआउट राउंड में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसी टीमों से भिड़ना पड़ सकता है। भारतीय टीम का अगला मैच शनिवार को वेल्स से होगा। भारतीय महिला टीम कई अहम मौकों पर पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करने में नाकाम रही है और इसी वजह से कई मैच भी गवाएं हैं। टीम को इस पर काम करने की जरूरत है।

# मोईन अली टी20 में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले इंग्लिश क्रिकेटर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मोईन अली ने सिर्फ 16 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके साथ ही वो टी20 क्रिकेट में इंग्लैंड के लिए सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन अली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तूफानी बल्लेबाजी की। उन्होंने 18 गेंद में 52 रन की पारी खेली, जिसमें दो चौके और छह छक्के शामिल थे। इस दौरान उन्होंने



सिर्फ 16 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके साथ ही अली टी20 क्रिकेट में इंग्लैंड के लिए सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उनसे पहले यह रिकॉर्ड लियम लिविंगस्टोन के नाम था, जिन्होंने 17 गेंद में अर्धशतक लगाया था। इस मैच में इंग्लैंड की टीम के दो विकेट जल्दी गिर गए थे। पारी की शुरुआत करने वाले जेसन रॉय और जोस बटलर छोटे स्कोर पर आउट हो गए। इसके बावजूद इंग्लैंड ने अपनी बल्लेबाजी का अंदाज नहीं बदला। इस मैच में इंग्लैंड की टीम ने 20 ओवर में 234 रन बना दिए। डेविड मलान ने 23 गेंदों में 43 रन की पारी खेली। जॉनी बेयरस्टो ने 53 गेंद में 90 रन बनाए और मोईन अली ने 18 गेंद में 52 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने भी ताबड़तोड़ अंदाज में रन बनाए। रीजा हेंड्रिक्स ने 33 गेंद में 57 रन की पारी खेली। वहीं, ट्रिस्टन स्टब्स ने 28 गेंद में 72 रन बनाए। इसके बावजूद दक्षिण अफ्रीका 20 ओवर में 193 रन ही बना पाया। प्लेयर ऑफ द मैच बने मोईन मोईन अली ने इस मैच में रीजा हेंड्रिक्स का अहम विकेट भी लिया। तूफानी बल्लेबाजी और अहम विकेट लेने के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच भी चुना गया। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के लिए लुंगी एनगिडी ने पांच विकेट लिए। उनके अलावा सिर्फ फेहलुकवायो ही एक विकेट ले पाए। हालांकि, उन्होंने अपने चार ओवर में 63 रन खर्च किए। इस दौरान उन्होंने एक ओवर में 33 रन लुटा दिए। मैन ऑफ द मैच चुने जाने के बाद अली ने कहा ठक्रीज में आने के लिए वह अच्छा समय था। मैं एक बाएं हाथ के बल्लेबाज के रूप में क्रीज पर आया था, क्योंकि बाएं और दाएं हाथ के बल्लेबाज की जोड़ी क्रीज पर बरकरार रखनी थी। इस पिच पर रन बनान मुश्किल था। जॉनी बहुत ही मजबूत और सक्षम खिलाड़ी हैं। एक टीम के रूप में हमने शानदार बल्लेबाजी की। यह विकेट शानदार है। मैं अपनी फॉर्म बरकरार रखना चाहूंगा।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज जीतने से भारत को फायदा वनडे रैंकिंग में पाकिस्तान से चार अंक आगे

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान पर जीत के साथ ही वनडे रैंकिंग में भारतीय टीम तीसरे स्थान पर बनी हुई है। अब पाकिस्तान के लिए भारत की बराबरी करना बहुत मुश्किल होगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में टीम इंडिया ने 3-0 के अंतर से जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही वनडे रैंकिंग में भारत तीसरे



स्थान पर बना हुआ है। अब तीसरे स्थान पर मौजूद भारत और चौथे स्थान पर मौजूद पाकिस्तान के बीच चार अंकों का फासला हो चुका है। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज जीतकर आईसीसी रैंकिंग में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज भी भारत ने 2-1 से जीती थी। अब भारत को जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज खेलनी है। भारत पाकिस्तान से आगे वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज जीतने के बाद भारत के पास 110 रेटिंग प्वाइंट हो चुके हैं। वहीं, पाकिस्तान के पास 106 रेटिंग प्वाइंट हैं। पाकिस्तान अब नीदरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेगा। टीम इंडिया अब धीरे-धीरे पहले पायदान की तरफ बढ़ रही है। हालांकि, भारत को पहला स्थान हासिल करने के लिए 128 रेटिंग प्वाइंट वाले न्यूजीलैंड और 119 रेटिंग प्वाइंट वाले इंग्लैंड को पीछे करना होगा। नौ में से आठ मैच जीत चुका है भारत भारतीय टीम को इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने अपने घर में वनडे सीरीज में 3-0 से हराया था। इसके बाद से भारत ने कोई वनडे सीरीज नहीं गंवाई है। टीम इंडिया इसके बाद नौ में से आठ वनडे मैच जीत चुकी है। पहले भारत ने अपने घर में वेस्टइंडीज को 3-0 से हराया। इसके बाद इंग्लैंड में जाकर 2-1 से सीरीज जीती। अब वेस्टइंडीज जाकर उसे 3-0 से हराया है। ऑस्ट्रेलिया की टीम वनडे रैंकिंग में पांचवें स्थान पर बनी हुई है। ऑस्ट्रेलिया के पास 101 रेटिंग प्वाइंट हैं। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के पास भी इतने ही अंक हैं, पर दशमलव की गणना में ऑस्ट्रेलिया की टीम आगे है।

# श्रीलंका से करारी हार के बाद पाकिस्तान को झटका, भारत से भी नीचे लुढ़का, देखें अंक तालिका

**नई दिल्ली।** सीरीज के पहले टेस्ट को जीतने के बाद पाकिस्तान भारत को पीछे छोड़कर तीसरे पायदान पर पहुंच गया था। बाबर आजम की टीम के पास दूसरे टेस्ट को जीतकर शीर्ष दो में जगह बनाने का अवसर था, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सकी। श्रीलंका के खिलाफ



दूसरे टेस्ट में मिली हार के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की पाकिस्तान की संभावना को झटका लगा है। गॉल में गुरुवार (28 जुलाई) को दूसरे टेस्ट के पांचवें दिन श्रीलंका ने पाकिस्तान को दूसरी पारी में 261 रनों पर समेट दिया। उसने मैच को 246 रन से अपने नाम कर लिया। सीरीज 1-1 की बराबरी पर छूटी। पाकिस्तान इस बड़ी हार के बाद अब पांचवें स्थान पर खिसक गया। वहीं, श्रीलंका ने फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। वह तीसरे स्थान पर पहुंच गया। सीरीज के पहले टेस्ट को जीतने के बाद पाकिस्तान भारत को पीछे छोड़कर तीसरे पायदान पर पहुंच गया था। बाबर आजम की टीम के पास दूसरे टेस्ट को जीतकर शीर्ष दो में जगह बनाने का अवसर था, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सकी। दिमुथ करुणारत्ने की कप्तानी वाली श्रीलंकाई टीम ने दूसरे मैच में जबरदस्त वापसी की। स्पिनर प्रभात जयसूर्या और रमेश मेंडिस ने कमाल का प्रदर्शन किया। भारत चौथे स्थान पर काबिज भारतीय टीम बर्मिंघम में टेस्ट हारने के बाद चौथे स्थान पर है। श्रीलंकाई टीम ऑस्ट्रेलिया के बाद पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज को भी 1-1 से बराबर कराने में सफल हुई है। चौथे स्थान पर काबिज भारत के 52.08 फीसदी अंक हैं। वहीं, पाकिस्तान के 51.85 फीसदी अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका 71.43 फीसदी अंक के साथ पहले स्थान पर काबिज है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के 70 फीसदी अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका के पास ऑस्ट्रेलिया से अपने अंतर को बढ़ाने का अवसर है। इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में अफ्रीकी टीम ज्यादा से ज्यादा अंक हासिल करना चाहेगी।जयसूर्या ने बाबर को सीरीज में तीसरी बार किया आउट श्रीलंकाई टीम को जीत दिलाने वाले प्रभात जयसूर्या ने दूसरी पारी में पांच विकेट झटके। रमेश मेंडिस को चार सफलता मिली। प्रभात छह पारियों में 29 विकेट ले चुके हैं। इस दौरान चार बार उन्होंने पारी में पांच या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं। एक बार उनके नाम मैच में 10 विकेट हैं। जयसूर्या ने पांचवें दिन बाबर आजम को आउट कर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया। वह बाबर को दो टेस्ट में तीन बार आउट कर चुके हैं। श्रीलंका ने पहली पारी में 378 और दूसरी पारी में 360 रन बनाए थे। पाकिस्तान ने पहली पारी में 231 रन ही बनाए थे। इस तरह उसे जीत के लिए 508 रनों का लक्ष्य मिला। पाकिस्तानी टीम एक समय दो विकेट पर 176 रन बनाकर खेल रही थी। उसके बाद टीम अचानक लड़खड़ा गई है और 261 रनों पर सिमट गई। उसके आखिरी आठ विकेट 85 रन के अंदर ही गिर गए। श्रीलंका ने मैच को 246 रन से अपने नाम कर लिया। धनंजय डी सिल्वा को मैन ऑफ द मैच और प्रभात जयसूर्या को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।

# दर्शकों ने मुरली विजय को दिनेश कार्तिक के नाम से चिढ़ाया हाथापाई तक पहुंच गया मामला

**नई दिल्ली।** देखें वीडिया मुरली विजय बाउंड्री लाइन पर फील्डिंग कर रहे थे, तभी दर्शकों ने उन्हें दिनेश कार्तिक के नाम से चिढ़ाना शुरू कर दिया। इसके बाद विजय उस दर्शक से भिड़ गए। अब इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। तमिलनाडु प्रीमियर लीग के 2022 के एक मैच के दौरान मुरली विजय एक दर्शक के साथ हाथापाई करने लगे। यह दर्शक उन्हें दिनेश कार्तिक के नाम से चिढ़ा रहा था। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने आकर बीच बचाव किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर



वायरल हो रहा है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर मुरली विजय की तरफ से इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं आई है। 24 जुलाई के दिन मदुरै पैंथर्स और रूबी त्रिची के मैच में मुरली विजय बाउंड्री किनारे फील्डिंग कर रहे थे। तभी दर्शक उन्हें दिनेश कार्तिक के नाम से चिढ़ाने लगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पहले विजय ने प्यार से दर्शकों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन जब वो नहीं माने तो विजय होर्डिंग्स पार करके दर्शक के पास पहुंच गए। वो काफी देर तक बात करते रहे, लेकिन जब बात नहीं बनी तो हालात हाथापाई तक पहुंच गए। इसके बाद सुरक्षाकर्मी ने दोनों को अलग कराया और विजय फिर से मैदान के अंदर चले गए। विजय ने टीएनपीएल में इस सीजन शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने रूबी त्रिची वॉरियर्स के लिए खेलते हुए नेल्लई रोयल किंग्स के खिलाफ 66 बॉल पर 121 रन की पारी खेली थी। इसमें उन्होंने 12 छक्के जड़ दिए थे। हालांकि, विजय की टीम लीग में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही है। सात मैचों के बाद रूबी वॉरियर्स के सिर्फ चार अंक रहे और टीम अंतिम चार में जगह बनाने में नाकाम रही। विजय की पतनी निकिता वंजारा पहले दिनेश कार्तिक की पहली पतनी रह चुकी हैं। विजय से अफेयर के बाद कार्तिक और निकिता ने तलाक ले लिया था। बाद में निकिता ने विजय से शादी भी कर ली थी। दर्शक इसी घटना की वजह से मैच के दौरान विजय को ट्रोल कर रहे थे।

## सरकार का अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी को समर्थन

**नई दिल्ली।** तीन शहरों में होगा आयोजनप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस साल के आखिर में भारत में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है। यह टूर्नामेंट 11 से 30 अक्टूबर तक इसका आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस साल के आखिर में भारत में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है। यह टूर्नामेंट 11 से 30 अक्टूबर तक तीन शहरों भुवनेश्वर, गोवा और मुंबई में आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के कार्यवाहक महासचिव सुनंदो धर ने कहा, 'हम सरकार के समर्थन के लिए बहुत आभारी हैं। अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में युवा मामले और खेल मंत्रालय इस टूर्नामेंट की मेजबानी को लेकर सक्रिय रहा है और केंद्रीय मंत्रिमंडल का यह कदम उसी सकारात्मक भावना को दिखाता है।' उन्होंने कहा, 'अपने सभी हितधारकों से मिली सहायता और प्रोत्साहन से हम निश्चित रूप से एक शानदार टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं।'

# राशीफल

**मेष-:**आप ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे लेकिन काम का बोझ आपको परेशान करेगा। वित्तीय कल्याण आपके लिए अपनी ज़रूरत की चीज़ें खरीदना आसान बना देगा।

**वृष-:**आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका मन चाह सकता है कि आप कोई नया काम शुरू करें। जिसमें आपको सफलता भी मिलेगी।

**मिथुन-:**कोई शुभ समाचार मिल सकता है। सहभागी व्यवसायों और वित्तीय योजनाओं में हेराफेरी करने में निवेश न करें। आपका ऊर्जावान, जीवंत और गर्मजोशी भरा व्यवहार आज आपके आस-पास के लोगों को खुश कर देगा।

**कर्क-:**आज का दिन अच्छा रहने वाला है. आज अचानक आपका आपा खो सकता है और जीवनसाथी से विवाद हो सकता है। करियर के मामले में आप पर जितनी जिम्मेदारियां आप संभाल सकते हैं

**सिंह-:**बेचैनी की फुसफुसाहट आपको परेशान कर सकती है. इससे बचने के लिए टहलने जाएं और ताजी हवा में गहरी सांस लें। साथ ही सकारात्मक सोच भी बहुत मददगार होगी।

**कन्या-:**आज आप भाग्यशाली रहेंगे। मेडिकल छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है। आपको किसी अच्छे डॉक्टर के साथ काम करने का मौका मिल सकता है। पारिवारिक किसी महत्वपूर्ण कार्य के कारण आपको स्टेशन से बाहर।

**तुला-:**तनाव और घबराहट से बचें, क्योंकि यह आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है. घर में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। आपकी उपलब्धि परिवार के सदस्यों को उत्साह से भर देगी और आप अपनी सफलताओं की सूची।

**वृश्चिक-:**आज के दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी. आज आप सकारात्मक तरंगों से भरे हुए हैं। अपनी योजनाओं को दूसरों के साथ साझा न करें, अन्यथा दूसरे लोग इसका फायदा उठा सकते हैं।

**धनु-:**अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, जो आध्यात्मिक जीवन के लिए आवश्यक है. मन जीवन का द्वार है, क्योंकि इससे अच्छा और बुरा सब कुछ आता है। यह जीवन की समस्याओं पर काबू पाने में मददगार साबित है।

**मकर-:**आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है. व्यापार से जुड़ा कोई जरूरी काम आज पूरा हो सकता है। कोई नया काम शुरू करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज आप हर उस व्यक्ति के साथ प्यार से पेश आएंगें।

**कुंभ-:**अपने शरीर से थकान को दूर करने और अपनी ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने के लिए आपको पूर्ण आराम की आवश्यकता है, अन्यथा शरीर की थकान आपके मन में निराशा को जन्म दे सकती है।

**मीन-:**तनाव और घबराहट से बचें, क्योंकि यह आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है. घर में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। आपकी उपलब्धि परिवार के सदस्यों को उत्साह से भर देगी और आप अपनी सफलताओं की सूची।

## सम्पादकीय

# संरक्षण के बावजूद संकट में राष्ट्रीय पशु


बाघों की तादाद में बढ़ोतरी के दावों की हकीकतसरकार बीते दस वर्षों में तकरीबन 530 से अधिक बाघों की मौत का दावा करती है, जबकि वन्यजीव विशेषज्ञ यह तादाद उससे कहीं अधिक बताते हैं। इनके आवास स्थल, प्राकृतिक जलस्रोत के खात्मे जैसे कारणों से ये मानव आबादी की ओर आने लगे हैं, जो खतरनाक है।देश में बाघों की तादाद में बढ़ोतरी के दावों के बीच राष्ट्रीय पशु का अस्तित्व संकट में है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने बीते दिनों संसद में बताया कि वर्ष 2019 से 2021 के बीच हर तीसरे दिन एक बाघ की मौत हुई है। इस तरह इन तीन वर्षों में कुल 329 बाघ (ऊगुी) मौत के मुंह में चले गए। यह इस बात का सबूत है कि बाघों के संरक्षण की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास नाकाफी हैं। इस वर्ष की शुरुआत में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने घोषणा की थी कि राजस्थान के रणथंभौर से लेकर मध्य प्रदेश के पनन तक वाइल्ड लाइफ कॉरीडोर बनाया जाएगा।इसका अहम कारण अभयारण्यों में क्षमता से बहुत अधिक बाघों का होना है। इससे भोजन, क्षेत्र और आवास की समस्या के चलते मानव आबादी में बाघों के हमले की आशंका बढ़ गई है। वर्ष 1972 में बाघ को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के बाद ही बाघ बचाओ परियोजना की शुरुआत हुई। अभी देश में कुल 53 टाइगर रिजर्व हैं। दुनिया के 71 फीसदी, यानी 3,000 के करीब बाघ हमारे देश में हैं, जिसमें सबसे ज्यादा बाघ मध्य प्रदेश, कर्नाटक और उत्तराखंड में हैं। सरकार ने इस साल छत्तीसगढ़ के गुरु घासीदास नेशनल पार्क, राजस्थान के रामगढ़ विषधारी अभयारण्य, बिहार के कैमूर वन्यजीव अभयारण्य, अरुणाचल के दिवांग वन्यजीव अभयारण्य और कर्नाटक के एम. एम. हिल अभयारण्य को टाइगर रिजर्व के रूप में विकसित करने की मंजूरी दे दी है। अंतरराष्ट्रीय ग्लोबल टाइगर फोरम के अनुसार, भारत की स्थितियां बाघों के आवास के लिए सर्वथा उपयुक्त हैं। उसके अनुसार, भारत में कुल 38,915 वर्ग किलोमीटर इलाका बाघों के रहने लायक है। नौ साल पहले रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में 2022 तक बाघों की संख्या दोगुनी करने के लिए दुनिया के 13 देशों ने एक लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसे भारत ने चार साल पहले ही हासिल कर लिया था। लेकिन देश में बाघों की मौतों में वृद्धि कम चिंतनीय नहीं है। देखा जाए तो, 2012 से हर साल 98 बाघों की मौत हुई हैं। सबसे ज्यादा 2021 में 126 मौत हुई। असलियत यह है कि बाघ संरक्षित क्षेत्र या फिर अभयारण्य, कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। बीते वर्षों में तकरीब 350 करोड़ से अधिक के वन्यजीव उत्पादों की बरामदगी साबित करती है कि वन्यजीव तस्करों को किसी का भय नहीं है। सरकार बीते दस वर्षों में तकरीबन 530 से अधिक बाघों की मौत का दावा करती है, जबकि वन्यजीव विशेषज्ञ यह तादाद उससे कहीं अधिक बताते हैं। इनके आवास स्थल, जंगलों में अतिक्रमण, प्रशासनिक कुप्रबंधन, जंगलों का सिमटते जाना, जंगलों में प्राकृतिक जलस्रोत के खात्मे से ये मानव आबादी की ओर आने लगे हैं, जो खतरनाक है। दिनोंदिन बढ़ते अवैध शिकार के चलते भी इनकी मौतों का आंकड़ा हर साल बढ़ता जा रहा है। बीते वर्ष राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की सदस्य दीया कुमारी ने आरोप लगाया था कि रणथंभौर अभयारण्य से 26 बाघ गायब हो गए। मगर प्रशासन इस पर चुप्पी साधे रहा। सवाल यह है कि जब वन्यजीव अभयारण्यों का प्रबंधन इतना बढ़िया है, तो बाघ कैसे गायब हो जाते हैं या शिकारियों द्वारा मार दिए जाते हैं।

# बॉलीवुड के 10 निर्देशकों ने सुनाए संजू बाबा के जीवन के किस्से

असल जिंदगी में भी ऐसे बने 'हीरो'29 जुलाई 1959 को जन्मे संजय दत्त के के जीवन पर नजर डालें तो उनकी जिंदगी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। और, तभी तो उनकी बायोपिक बनी फिल्म 'संजू' के नाम से। हिंदी सिनेमा में अब तक बनी सारी बायोपिक फिल्मों में से सबसे ज्यादा कमाई भी इसी फिल्म ने की। सुनील दत्त और नरगिस के इस बेटे को हिंदी सिनेमा के दर्शकों ने बेइंतहा प्यार दिया है। फिर चाहे वह परदे पर 'रॉकी' बने, अधीरा बने या बने कांचा चीना और शुद्ध सिंह। संजय दत्त के जीवन में तमाम उतार चढ़ाव आए। बहुत सारी मुश्किलें आई। लेकिन हर मुसीबत का सामना करके संजय दत्त ने अपने हालात पर विजय पाई। फिल्ममेकर्स के दुलारे संजय दत्त के जन्मदिन पर आइए आपको बताते हैं कि उनकी फिल्मों के निर्देशक उनके बारे में क्या कहते हैं संजय दत्त की पिछले दिनों 'शमशेरा' रिलीज हुई है। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उतनी सफल नहीं रही, लेकिन फिल्म में उनके किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। फिल्म के निर्देशक करण मल्होत्रा कहते है, 'इस फिल्म की शूटिंग के दौरान जब हमें पता चला कि संजय सर कैंसर से जूझ रहे है, तो यह खबर हमारे लिए किसी सदमे से कम नहीं थी। लेकिन सेट पर वह ऐसा बर्ताव कर रहे थे जैसे सब कुछ नार्मल हो, उन्होंने कभी नहीं बताया कि वह किन हालात से गुजर रहे है। संजय सर किसी भी चीज से लड़ सकते हैं, वह हम सबके लिए एक प्रेरणा हैं।'सम्राट पृथ्वीराज चौहन' के निर्देशक डॉक्टर चन्द्रप्रकाश द्विवेदी कहते है, 'हम सब उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंचित थे। 'सम्राट पृथ्वीराज चौहान की शूटिंग थोड़ी सी बाकी रह गई थी, ऐसे में जब हमें उनकी बीमारी के बारे में पता चला तो चिंता होना स्वाभाविक ही था। लेकिन वह कैंसर को मात देकर शूटिंग पर लौटे और एक योद्धा की तरह काम किया। उन्होंने दिखा दिया कि उनको कोई नहीं रोक सकता। हिट नहीं हो गई। इसके बाद ही हम उनसे मिले और उनके साथ काम करना ऐसा रहा जैसे हम पिकनिक मना रहे हों। उनकी कास्टिंग अधीरा के रोल के लिए सौ फीसदी परफेक्ट रही। उनके अलावा किसी और कलाकार को मैं इस किरदार में सोच भी नहीं सकता।'निर्माता निर्देशक सुभाष घई समय था और उसको फिल्म के लिए इस्तेमाल करना नैतिकता के खिलाफ था। मैं संजय दत्त को 10 साल की उम्र से जानता हूं, वह कोई क्रिमिनल नहीं था, बल्कि अपने भोलेपन की वजह से ट्रैप हो गया था।' निर्देशक इंद्र कुमार के साथ 'धमाल' और 'डबल धमाल' में काम कर चुके अभिनेता संजय दत्त जब



उनकी यह खूबी बाकी लोगों से उन्हें काफी अलग बनाती है।' साल की सबसे बड़ी हिट फिल्म साबित हो चुकी 'केजीएफ 2' के निर्देशक प्रशांत नील कहते हैं, 'मेरे लिए इस फिल्म के विलेन सिर्फ और सिर्फ संजय सर ही हो सकते थे। हमने फिल्म की पहली कड़ी बनाने के दौरान ही अधीरा का किरदार लिख लिया था। लेकिन हम उनके पास तब तक नहीं गए जब तक कि 'केजीएफ' पुराने दिनों की याद को साझा करते हुए बताते हैं, 'फिल्म 'खलनायक' की रिलीज के समय संजय दत्त को गिरफ्तार कर लिया गया था। लोगों ने संजय दत्त की गिरफ्तारी के बाद उनकी छवि का फायदा उठाने की सलाह दी लेकिन मेरे लिए ऐसा करना मुनासिब नहीं था। क्योंकि मुझे पता था कि कुछ लोगों ने उनके भोलेपन का फायदा उठाया था। संजय दत्त के लिए वह मुश्किल उनकी अगली फिल्म 'टोटल धमाल' में नजर नहीं आए तो ऐसी चर्चा थी कि संजय दत्त ने इस फिल्म में इसलिए काम करने से मना कर दिया था क्योंकि फिल्म अडल्ट कामेडी है। इंद्र कुमार कहते हैं, 'संजय दत्त ने फिल्म में इसलिए काम करने से मना नहीं किया कि फिल्म अडल्ट कमेडी है, बल्कि उस समय वह कई और फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त थे। हम जल्द ही साथ काम करने वाले हैं। संजय दत्त हमारे लिए हमेशा स्पेशल रहेंगे।' संजय दत्त के साथ 'आतिश', 'खौफ', 'जंग', 'मुसाफिर', 'कांटे' जैसी कई फिल्में बना चुके संजय गुप्ता भी अपने इस चहीते हीरो के मुरीद रहे हैं। हालांकि दोनों के बीच किसी बात को लेकर मनमुटाव भी हो गया था और दोनों ने साथ काम करना बंद कर दिया था। लेकिन अब जल्दी ही संजय गुप्ता उन्हें लेकर एक फिल्म शुरू करने वाले है। बीती बातों को भूलकर संजय गुप्ता कहते है, 'जब मैं 'आतिश' बना रहा था और उस समय जब मुझे किसी बड़े स्टार की जरुरत थी तब संजू ने मेरा साथ दिया था। उनके इस अहसान को मैंने जीवन भर नहीं भूल सकता।' राजू हिरानी और संजय दत्त के साथ ने 'मुननभाई एमबीएस' और 'लगे रहो मुनन भाई' के अलावा फिल्म 'संजू' मे भी खूब रंग जमाया। जब राजू हिरानी ने संजय दत्त की बायोपिक 'संजू' बनाई तो उन्हें डर था कि कहीं फिल्म देखकर संजय दत्त उनकी पिटाई न कर दें। राजू हिरानी कहते है, 'फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान अचानक मुझे डर लगने लगा कि कहीं संजू फिल्म देखकर मेरी पिटाई ना कर दें, लेकिन फिल्म देखने के बाद संजू मुझे गले लगाकर फूट फूट कर रोने लगे।' महेश मांजरेकर और संजय दत्त बहुत ही खास दोस्त है। संजय दत्त की बायोपिक को जहां लोगों ने खूब पसंद किया था, वहीं यह फिल्म महेश मांजरेकर को पसंद नहीं आई थी। वह कहते है, 'मुझे संजय दत्त की बायोपिक देखकर बहुत निराशा हुई थी। अगर मैं इस फिल्म को बनाता तो अलग तरीके से अप्रोच करता। मैंने संजय दत्त की जिन्दगी को बहुत करीब से देखा है, फिल्म में बहुत सारे पहलुओं को शामिल ही नहीं किया गया।' संजय दत्त के साथ 'सन ऑफ सरदार' में काम कर चुके निर्देशक अश्वनी धीर ने इस फिल्म से जुड़ा एक किस्सा शेयर करते हुए बताया, 'फिल्म के सभी कलाकारों का लुक हमने डिजाइन कर लिया था। लेकिन संजय दत्त को किस में लुक लिया जाए यह बात समझ में नहीं आ रही थी। फिल्म में संजय दत्त बहुत सख्त व बहन पर अंकुश रखने वाले भाई का किरदार निभा रहे थे। फिर संजय दत्त ने 'मुझे जीने दो' में जो लुक उनके पिता सुनील दत्त का किरदार था, उसका सुझाव दिया। हमने वैसा ही लुक दिया और काफी लम्बे समय के बाद संजय दत्त को घोड़े पर बैठाया।' डेविड धवन और गोविंदा के बीच कैसे रिश्ते रहे हैं, यह तो जगजाहिर है। दोनों ने एक साथ कई हिट फिल्मे दी, लेकिन वही गोविंदा एक छोटी सी बात को लेकर डेविड धवन से नाराज हो गए और टारगेट बन गए संजय दत्त। डेविड धवन कहते हैं, 'एक और एक ग्यारह' की शूटिंग के दौरान एक सीन फिल्मा रहा था जो गोविंदा को पसंद नहीं आ रहा था। उन्होंने अपना सुझाव दिया जो मुझे पसंद नहीं आया, तभी संजय दत्त वहां आ गए। उन्होंने मेरा साइड लेते हुए सीन को सही बताया तो यही बात गोविंदा को दिल पर लग गई और वह संजय दत्त से नाराज हो गए। संजय दत्त को लगा कि गोविंदा उनसे बात क्यों नहीं कर रहे। उन्होंने भी बात करने की पहल नहीं की। काफी दिनों तक ऐसे ही चलता रहा। गोविंदा सेट के एक कोने में तो संजय दत्त दूसरे कोने में बैठते थे।'






# छत्तीसगढ़ के दुर्गापाल जगरगुंडा एक्सेस पर सड़क निर्माण में लगे कर्मचारियों की सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ की 74वीं वाहिनी की टुकड़ी

24 अप्रैल 2017 को छत्तीसगढ़ के दुर्गापाल जगरगुंडा एक्सेस पर सड़क निर्माण में लगे कर्मचारियों की सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ की 74वीं वाहिनी की टुकड़ी पर बुर्कापाल गांव के नजदीक माओवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। अचानक हुई इस भीषण गोलीबारी में टुकड़ी कमांडर निरीक्षक रघवीर सिंह और सिपाही अभय मिश्रा माओवादियों के हमले का मुंहतोड़ जवाब देते रहे। तभी माओवादियों ने दूसरी ओर से भीषण विस्फोट के बाद गोलियों की बौछार शुरू कर दी। इस हमले में निरीक्षक रघवीर सिंह और सिपाही



अभय मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। वे दोनों अपने दल का हौसला बढ़ाते रहे। उनके अंतिम शब्द थे, 'तुम लोग मोराल मत डाउन करना, हम लड़ेंगे'। निरीक्षक रघुवीर सिंह और सिपाही अभय मिश्रा वीरगति को प्राप्त हुए। इसी अभियान में सिपाही अंजनी कुमार पांडे ने अतुलनीय वीरता का प्रदर्शन किया। अभियान दल द्वारा दो माओवादियों को मार गिराया गया। शहीद निरीक्षक रघवीर सिंह की धर्मपतनी वीर नारी बलजीत कौर ने वीरता पद प्राप्त किया। शहीद सिपाही अभय मिश्रा की धर्मपतनी वीरनारी रानी मिश्रा ने पदक ग्रहण किया। सिपाही अंजनी कुमार पांडे को भी वीरता पद से सम्मानित किया गया। 12 जून 2019 को जम्मू-कश्मीर में 116 बटालियन सीआरपीएफ की टुकड़ी विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बस स्टैंड अनंतनाग में तैनात थी। तभी स्थानीय नागरिकों की भीड़ का सहारा लेकर एक आतंकवादी ने सीआरपीएफ की टुकड़ी पर ग्रेनेड हमला कर गोलीबारी शुरू कर दी। वहां तैनात सहायक उपनिरीक्षक निरोद शर्मा ने गोलियों की बौछार के बीच हमलावर आतंकवादी पर जवाबी हमला किया। गुथम गुत्था की लड़ाई में उन्होंने उस आतंकवादी को मार गिराया। हालांकि वे खुद गंभीर रूप से घायल हो गए। इनके द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई ने एक भीड़भाड़ वाले इलाके में हुए भीषण गोलीबारी में स्थानीय नागरिकों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होने दिया। इनके द्वारा प्रदर्शित अतुलनीय पराक्रम, असाधारण वीरता एवं सर्वोच्च बलिदान के लिए इन्हें मरणोपरांत वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। शहीद एसआई निरोद शर्मा की धर्मपतने वीर नारी जोनाली देवी ने पदक ग्रहण किया। मई 2019 को जम्मू-कश्मीर के बारामुला केशोपुर क्षेत्र में 179 बटालियन एवं 92 बटालियन सीआरपीएफ ने आतंकवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया। अभियान दल, जब ड्रोन कैमरे की मदद से तलाशी लेता हुआ टारगेट हाउस के नजदीक पहुंच रहा था, तभी घर में छुपे आतंकवादियों ने दल पर भीषण गोलीबारी शुरू कर दी। निरीक्षक एन प्रेमजीत सिंह ने बहादुरी से अपनी टीम के साथ मिलकर इस भीषण मुठभेड़ में दो दुर्दांत आतंकवादियों को मार गिराया। भारी मात्रा में हथियार एवं गोला बारूद बरामद किया गया। इस अभियान में इनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं उच्च कोटि के पराक्रम के लिए इन्हें वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। निरीक्षक एन प्रेमजीत सिंह, हवलदार सत्तारू लक्ष्मणा, हवलदार हरेन्दर यादव व सिपाही निर्मल शर्मा को वीरता पदक से सम्मानित किया गया। सात अक्तूबर 2019 को जम्मू कश्मीर के अवंतीपुरा में पंचराम के नजदीक आतंकवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर 185 बटालियन सीआरपीएफ की काउंटर टेररिज्म टीम के निरीक्षक ओमप्रकाश कुम्भार और सिपाही सोहन वीर सिंह ने लगभग 24 घंटे से भी ज्यादा देर तक चली मुठभेड़ में दो दुर्दांत आतंकवादियों को मार गिराया। भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया। इस अभियान में इनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, असाधारण पराक्रम एवं उच्च कोटि की बहादुरी के लिए इन्हें वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। 25 अप्रैल 2019 को जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के बीजबेहरा क्षेत्र में हिज्बुल मुजाहिदीन आतंकवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर 90 बटालियन सीआरपीएफ ने एक संयुक्त अभियान चलाया। इस अभियान में जब संदीप क्षेत्र की तलाशी ली जा रही थी, तो स्थानीय नागरिकों ने एक घर में अत्याधुनिक हथियारों से लैस दो आतंकवादियों की उपस्थिति की पुष्टि की। त्वरित कार्रवाई करते हुए हेमंत कुमार द्वितीय कमान अधिकारी ने अपनी टीम के साथ मिलकर भीषण मुठभेड़ में दोनों आतंकवादियों को मार गिराया। हेमंत कुमार के अलावा उपनिरीक्षक पलविंदर सिंह, सिपाही सतनाम सिंह और सिपाही विकास राणा को वीरता पदक से सम्मानित किया गया है।

# संकट में घिरे शहबाज क्या इस्तीफा देंगे, फिर उठ रहे सियासी बवंडर से निपटने के विकल्प

हाल में सरकार पीटीआई के खिलाफ एक मामले में पूर्ण अदालत में सुनवाई चाहती थी, लेकिन प्रधान न्यायाधीश ने इनकार कर दिया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) की वरिष्ठ नेता, मरियम नवाज शरीफ ने इस फैसले को 'न्यायिक तख्तापलट' बताया। पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत पंजाब क्या गवर्नर शासन की तरफ बढ़ रहा है? इस बात के मजबूत संकेत हैं, क्योंकि गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह ने चेतावनी दी है कि संघीय सरकार पंजाब में गवर्नर शासन लागू करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि 'गवर्नर शासन लगाने का मसौदा तैयार किया जा रहा है और मैंने व्यक्तिगत रूप से इस पर काम शुरू कर दिया है।' पिछली बार पंजाब में गवर्नर शासन फरवरी, 2009 में लगाया गया था, जब पूर्व राष्ट्रपति पीपीपी के आसिफ अली जरदारी ने दो महीने के लिए गवर्नर शासन लगाया था, लेकिन प्रांतीय विधानसभा को भंग नहीं किया था। हालांकि मुझे नहीं लगता कि यह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के लिए आसान होगा। ऐसा लगता है कि गृहमंत्री ने बस पंजाब की नई सरकार (नै उदनेहसहू) को धमकी दी है, क्योंकि पंजाब प्रांत की सरकार ने फैसला किया है कि राणा सनाउल्लाह को पंजाब में घुसने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पंजाब ऐसा प्रांत है, जिस पर अभी विपक्ष का शासन है। गवर्नर शासन लागू करने के लिए राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को एक अधिसूचना जारी करनी होगी, जो कि पाकिस्तान तहरीक-ए इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख इमरान खान के वफादार हैं और वह खासकर तब शहबाज शरीफ सरकार को उपकृत करने के लिए तैयार नहीं होंगे, जब सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार पीटीआई ने कमजोर कभी नहीं हुआ था। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उस अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने में असमर्थ रहे हैं, जो उन्हें इमरान खान से विरासत में मिली थी। वह अब पूरी तरह से आईएमएफ से मिलने वाले राहतपैकेज पर निर्भर हैं, जिसे शरीफ द्वारा कुछ कठिन



पंजाब में अपनी नई सरकार बनाई है। इसके अलावा, पंजाब में न तो कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हुई है और न ही कोई अन्य आपात स्थिति है, जिसके लिए गवर्नर शासन की आवश्यकता होगी। पाकिस्तान निश्चित रूप से आर्थिक अस्थिरता और टकराव के रास्ते पर है, जहां अर्थव्यवस्था हर रोज डूब रही है, और पाकिस्तानी रुपया लगभग 300 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर के बराबर हो गया है। पाकिस्तान के इतिहास में पाकिस्तानी रुपया इससे ज्यादा शर्तों पर सहमत होने के बाद भी अरबों डॉलर भेजने में कुछ सप्ताह लगेंगे। इसके अलावा कुछ अन्य मित्र देश और वित्तीय संस्थान भी हैं, जो पाकिस्तान को कर्ज देने के लिए तैयार हैं, लेकिन वे केवल तभी कर्ज देंगे, जब आईएमएफ का राहत पैकेज इस्लामाबाद पहुंच जाएगा। टकराव का यह रास्ता इस तथ्य की ओर इशारा करता है कि मुल्क का कोई भी संस्थान अपनी सीमाओं के भीतर रहकर कार्य करने के लिए तैयार नहीं है। सत्ता प्रतिष्ठान, न्यायपालिका, नौकरशाही, सरकार और विपक्ष समेत हर कोई सत्ता के लिए संघर्ष कर रहा है। सेना अब भी 'लोकतंत्र' का मार्गदर्शन कर रही है और विभिनन्राजनीतिक दलों और राजनेताओं के प्रति अपना समर्थन बदलती रहती है। एक राजनीतिक विश्लेषक का कहना है कि 'यह सत्ता प्रतिष्ठान के लिए वर्ष 2016 से जारी उसके अपने दुस्साहस के नतीजों को भांपकर जागने का वक्त है, जिसने पाकिस्तान को इस संकट में डाल दिया है।' सुप्रीम कोर्ट भी अपने दायरे से बाहर जाकर काम कर रहा है। हाल ही में सरकार पीटीआई के खिलाफ एक मामले में पूर्ण अदालत में सुनवाई चाहती थी, लेकिन प्रधान न्यायाधीश ने इनकार कर दिया और पीटीआई के पक्ष में फैसला सुनाया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) की वरिष्ठ नेता, मरियम नवाज शरीफ ने इस फैसले को 'न्यायिक तख्तापलट' बताया। मौजूदा राजनीतिक और आर्थिक संकट पिछले साल तब शुरू हुआ, जब पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान आईएसआई के महानिदेशक जनरल फैज हमीद को बनाए रखना चाहते थे। यही जिद थी, जिसके कारण उन्हें सेना प्रमुख जनरल बाजवा से परेशानी होने लगी, जो पेशावर में कोर कमांडर के रूप में फैज हमीद को तैनात करना चाहते थे। बाजवा ने राजनीतिक दलों को इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए राजी किया और शहबाज शरीफ को उपकृत किया, जो प्रधानमंत्री बनने के लिए बेताब थे। फिलहाल इस टकराव से निकलने का एक ही रास्ता बचा है। इमरान खान सहित सभी ने शहबाज शरीफ से सरकार छोड़ने और नए सिरे से आम चुनाव कराने तथा देश को आगे की राजनीतिक जोड़-तोड़ से बचाने की मांग की है। पाकिस्तान की राजनीति में एक और महत्वपूर्ण कारक नवंबर में जनरल बाजवा के सेवानिवृत्त होने पर एक नए सेना प्रमुख की नियुक्ति है। हालांकि बाजवा के कार्यकाल को बढ़ाने की बात हो रही है, लेकिन मुझे लगता है कि जब उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा कि वह नवंबर में सेवानिवृत्त हो जाएंगे, तो उन पर विश्वास करना चाहिए। इसलिए पाकिस्तान के पास आज केवल एक ही रास्ता बचा है और वह है, शहबाज शरीफ का पद छोड़ना और नए आम चुनाव का आह्वान करना तथा देश को आगे की राजनीतिक साजिशों और जोड़-तोड़ से बचाना। उपचुनाव में पीटीआई द्वारा पंजाब में जीत हासिल करने से शहबाज शरीफ और ज्यादा कमजोर हुए हैं। सिंध प्रांत में पीपीपी का शासन है। खैबर पख्तुनख्वा और पंजाब में पीटीआई का शासन है। अंग्रेजी दैनिक द डॉन लिखता है, अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ इस्लामाबाद तक सीमित, पीएमएल (एन) नेतृत्व के पास मौजूदा विधानसभाओं के शेष कार्यकाल को बचाए रखने के लिए सीमित विकल्प हैं। सबकी नजरें पीएमएल (एन) प्रमुख नवाज शरीफ पर लगी है, जो लंदन में स्वनिर्वासन में हैं। उनके समर्थकों ने उन्हें पार्टी

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दो साल पूरे

**नई दिल्ली।** यूजीसी ई-रिसोर्स पोर्टल होगा लांच यूजीसी चेयरमैन ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दो साल पूरे हो रहे हैं। यूजीसी ई-रिसोर्स पोर्टल आज लांच होगा। इसके साथ ही पहली बार 25 कोर्स आठ भारतीय भाषाओं में ट्रांसलेट होंगे। देश भर की पंचायतों में बने कॉमन सर्विस सेंटर में अब छात्र उच्च शिक्षा की डिजिटल कोर्स भी कर सकेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग(यूजीसी) ने ग्रामीण और दूरदराज के आखिरी छात्र को घर बैठे डिजिटल माध्यम से उच्च शिक्षा से जोड़ने की योजना तैयार कर ली है। इसको अमलीजामा पहनाने के लिए यूजीसी ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से सहयोग लिया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 लागू होने



के दो साल पूरे होने के मौके पर शुक्रवार 29 जुलाई को इस ई कटेंट पोर्टल को लांच होगा। खास बात यह है कि इसमें सनतकोत्तर के 23 हजार कोर्स, 137 स्वयं मूक कोर्स शामिल हैं। वहीं, पहली बार 25 नॉन इंजीनियरिंग कोर्स की की पढ़ाई छात्रों को अब आठ भारतीय भाषाओं मे करने का मौका मिलेगा। दरअसल, केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2022-23 में डिजिटल शिक्षा की घोषणा की थी। इसी के तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग(यूजीसी ) ने योजना तैयार की है। इसमें पंचायतों के कॉमन सर्विस सेंटर और स्पेशनल परपज व्हीकल सेंटर से यूजीसी अपना पूरा डिजिटल कंटेंट जोड़ देगी।

# गौतमबुद्ध नगर में पांच कोतवाली प्रभारियों के तबादले

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर के पुलिस कमिशन्र आलोक कुमार सिंह ने कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से पांच प्रभारी निरीक्षकों को इधर से उधर किया है। इनके अलावा जारचा थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस कमिशन्र के पीआरओ पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के आदेश पर सेक्टर 58 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव का तबादला जालौन कर दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक स्थापना की तरफ से यह आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कोतवाली फेस 3 के प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी को सेक्टर 58 कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। निरीक्षक विजय कुमार को थाना फेज 3 का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।




ग्रेटर नोएडा के आईटी सेल में तैनात निरीक्षक सत्येंद्र कुमार को थाना सेक्टर 126 का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। सेंट्रल नोएडा के आईटी सेल में तैनात निरीक्षक अमित कुमार को थाना सेक्टर 24 का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। थाना सेक्टर 24 के प्रभारी निरीक्षक ज्ञान सिंह को थाना जारचा का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। जारचा थानाध्यक्ष श्रीपाल को लाइन हाजिर कर पुलिस लाइन भेजा गया है।

# हाईकोर्ट का कांग्रेस नेताओं को निर्देश

**नई दिल्ली।** स्मृति ईरानी की बेटी से जुड़ी पोस्ट तुरंत डिलीट करेंगोवा बार मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश, पवन खेड़ा और नेटा डिसूजा को समन जारी कर दिया है।गोवा बार विवाद लगातार बढ़ता ही जा रहा है। मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश, पवन खेड़ा और नेटा डिसूजा को समन जारी कर दिया है। साथ ही हाईकोर्ट ने तीनों नेताओं को सभी सोशल प्लेटफॉर्म से संबधित पोस्ट हटाने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने स्मृति ईरानी द्वारा दायर मामले पर जवाब देने के लिए भी नोटिस जारी किया है। वहीं, कांग्रेस नेता ने ट्वीट करते हुए लिखा- हम अदालत के सामने मामले से संबंधित तत्थ पेश करने के लिए तैयार हैं। स्मृति ईरानी की चुनौती को स्वीकार भी करेंगे। बता दें कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेताओं-जयराम रमेश, पवन खेड़ा और नेटा डिसूजा को रविवार को कानूनी नोटिस भेजकर उनकी बेटी पर लगाए आरोपों के लिए मांफी मांगने के लिए कहा था। कांग्रेस नेताओं के आरोप लगाने के एक दिन बाद ही स्मृति ईरानी ने यह कदम उठाया था। अब दिल्ली होईकोर्ट ने मामले का संज्ञान लेते हुए समन भेज दिया है। क्या है मामला दरअसल, कांग्रेस नेताओं-जयराम रमेश, पवन खेड़ा और नेटा डिसूजा ने स्मृति ईरानी की 18 वर्षीय बेटी जोइश ईरानी पर गोवा में अवैध रूप से बार चलाने का आरोप लगाया था। जिसके बाद से मामले ने सियासी रूप ले लिया। .

# नदी किनारे बसे गांव में ग्राम प्रधान, निगरानी समितियां, लेखपाल व सचिव समस्त जन अलर्ट रहें

(आधुनिक समाचार सेवा)
अतुल वर्मा

**झाँसी।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने अब तक माताटीला बांध से लगभग 3733 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण कई गांव प्रभावित होने की संभावना पर नदी के किनारे बसे गांवों को सतर्क रहने की हिदायत दी। मौके पर उन्होंने ऐसे गांव जो नदी किनारे और पानी छोड़े जाने की



स्थिति में प्रभावित होने वाले हैं, वहां के ग्राम प्रधान, ग्राम निगरानी समिति, लेखपाल, सचिव सहित अन्य सभी को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सभी लोग पूर्ण सतर्क रहते हुए नदी के बढ़ते जल स्तर पर सतत दृष्टि बनाए रखें और लगातार जानकारी देते रहे। उन्होंने विभिन्न विभागीय अधिकारियों को मौके पर जाकर जाकर निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बेतवा नदी के किनारे बसे गांव के तट के बढ़े जलस्तर को गंभीरता से देखने के निर्देश दिए, और कहा कि सड़कों पर पानी आ जाने के कारण यदि गांव का आवागमन बाधित हुआ है तो ऐसे गांव की जानकारी तत्काल मुख्यालय पर उपलब्ध करायें। उन्होंने निर्देश दिए के गोताखोर तथा नाव की व्यवस्था सुनिश्चित करा लें, उन्होंने कहा कि नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं होना चाहिए आप लोग निरंतर क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। कहीं पर कोई समस्या हो तो तत्काल अवगत कराया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि राजघाट डैम से 3966 क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया, माताटीला से 3733 क्यूसेक, ढुकवां बांध से 3700 क्यूसेक पानी छोड़ा गया तथा पारीछा से 2874 क्यूसेक पानी सहित पहाड़ी बांध से 1100 क्यूसेक पानी अब तक छोड़ा जा चुका है। जिलाधिकारी ने जनपद के नदी के किनारे बसे हुए गांव के लोगों को अलर्ट करते हुए कहा है कि यदि नदी के तट के किनारे कोई गो आश्रय स्थल है तो वहां पर विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि पशु हानि और मानव हानि किसी भी दशा में ना हो इसे अवश्य सुनिश्चित कर लें और कोई अनन समस्या हो तो तत्काल इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के फोन नंबर- 0510-2440521, 2370621, 2370622, 2370623 पर तत्काल सूचना दें।

# एक बच्चे ने कहा था- देश का भविष्य प्राइवेट स्कूल के बच्चे होते हैं


**नई दिल्ली।** पर अब वो कहता है ऐसादिल्ली में आज हैप्पीनेस उत्सव का समापन कार्यक्रम है। जिसमें सीएम अरविंद केजरीवाल ने संबोधित करते हुए सरकारी स्कूल के एक बच्चे का किस्सा सुनाया।दिल्ली में हैप्पीनेस उत्सव के समापन कार्यक्रम में दिल्ली से सीएम अरविंद केजरीवाल ने संबोधन दिया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के साथ ही ब्रह्माकुमारी शिवानी भी मौजूद रहीं। हैप्पीनेस उत्सव के समापन समारोह में सीएम ने ब्रह्माकुमारी का जिक्र भी किया। सीएम ने कहा- 'हमारे घर में सभी ब्रह्माकुमारी जी के फैन हैं। जब मैं सभी मीटिंग खत्म करके अपने माता-पिता के साथ समय बिताने उनके कमरे में जाता हूँ तो शिवानी दीदी का कार्यक्रम चल रहा होता




है। वो मुझे भी बैठकर आपका प्रोग्राम देखने के लिए कहते हैं। सीएम केजरीवाल ने कहा मुझे याद है कि दिल्ली के एक सरकारी स्कूल के बच्चे ने कहा था ठदेश का भविष्य प्राइवेट स्कूल के बच्चे होते हैं, हम नहीं।ठ हमने 5 साल में 90,000 करोड़ एजुकेशन पर खर्च किया। अब वो बच्चा कह रहा है ठसरकारी स्कूल के बच्चे भी देश का भविष्य हैं।ठ हम सरकारी स्कूलों में ऐसे बच्चे तैयार करना चाहते हैं जो आने वाले समय में देश में नफरत नहीं, प्यार और मोहब्बत का पैगाम फैलाएं, ताकि हमारा देश दुनिया का नंबर 1 देश बन सके। दिल्ली के 18 लाख बच्चे रोज एक साथ हैप्पीनेस क्लास में शामिल होते हैं। इतनी अच्छी वाइब्रेशन से बच्चों पर सकारात्मक असर पड़ रहा है। एंटरप्रेन्योरशिप क्लासेज से शैक्षिक दबाव खत्म करने में मदद मिली है साथ ही व्यवसाय करने का आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

# हैप्पीनेस उत्सव के समापन समारोह में ढोल बजाते नजर आए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल त्यागराज स्टेडियम में हैप्पीनेस उत्सव के रंग में रंगे नजर आए। समारोह में शामिल हुए सीएम अरविंद केजरीवाल ने यहां ढोल बजाए। इस दौरान उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया भी मौजूद रहे। हैप्पीनेस उत्सव के समापन समारोह में पंजाब भी करते हैं, उसका उद्देश्य देश की तरक्की होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह दिल्ली में सरकार के स्कूल प्रमुख और शिक्षकों ने काम किया है, ठीक उसी तरह पंजाब सरकार के स्कूलों के शिक्षकों को एक शिक्षा मंत्री की तरह सोचने और पंजाब में शिक्षा क्रांति शुरू करने की जरुरत है। उन्होंने भी इतिहास को शिक्षा के दृष्टिकोण से नहीं पढ़ाया गया। यदि हम अपने देश को विकसित देश के रूप में देखना चाहते हैं, तो हमें विकसित देशों के इतिहास में वहां के शिक्षण संस्थानों की भूमिका को अध्ययन करने की जरुरत है। सिसोदिया ने कहा कि हम बच्चों में उद्यमिता माइंडसेट विकसित करने के लिए



के शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हुआ है। इस प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को स्कूल दौरे के बाद उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कालकाजी स्थित वीर सावरकर सवीदय विद्यालय में उनसे मुलाकात की थी। साथ ही उन्हें ध्वजवाहक के रूप में पंजाब की शिक्षा प्रणाली में बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।शिक्षकों के साथ बातचीत करते हुए सिसोदिया ने कहा कि आज हम शिक्षा के क्षेत्र में जो कुछ शिक्षकों को सुझाव दिया कि वे हमेशा पंजाब के शिक्षा मंत्री के संपर्क में रहें और उन्हें अपने नवाचारों को भेजते रहें। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यूके, यूएसए, जापान और फिनलैंड जैसे कई देश हैं, जो आज अपने मजबूत शिक्षा प्रणाली के कारण विकसित देशों की श्रेणी में हैं और पूरी दुनिया इनसे प्रेरणा लेती है। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा इतिहास राजनीतिक, प्रशासनिक व आर्थिक दृष्टिकोण से पढ़ाया जाता रहा, लेकिन कभी अब दिल्ली के स्कूलों में उद्यमिता माइंडसेट करिकुलम लागू कर रहे हैं, लेकिन पंजाब के लोगों में उद्यमिता माइंडसेट पहले से ही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की शिक्षा टीम ने दुनिया भर में शिक्षा के विभिनन्न मॉडलों का अध्ययन किया है। दिल्ली में शिक्षा की जमीनी जरूरतों को समझने के बाद शिक्षा मॉडल तैयार किया। उन्होंने कहा कि यह देश तभी समृद्ध होगा, जब शिक्षा सभी राजनीतिक दलों की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

# वैष्णवी की पढ़ाई लिखाई के लिये डॉ संदीप सरावगी ने किया सहयोग

(आधुनिक समाचार सेवा)
अतुल वर्मा

**झाँसी।** गुसाई मोहल्ला जेल चौराहा झांसी निवासी कुं वैष्णवी पुत्री राकेश सिंह जिनका परिवार कोरोना जैसी अदृश्य बीमारी के समय में टूट चुका था। जिसकी भरपाई अभी भी पूरी नहीं की जा पा रही है। बच्चों की पढ़ाई लिखाई घर का खर्च से बढ़कर होता है। उनके उज्जवल भविष्य के लिए हर तरह की मेहनत करके उनके भरण-पोषण के साथ पढ़ाई लिखाई के लिए भी जद्दोजहद करना पड़ता है। ऐसे समय में झांसी के वरिष्ठ समाजसेवी ने अदृश्य बीमारी के समय मैं भी अनेक परिवारों को सहारा दिया और करते चले जा रहे हैं श्रीमती अनीता ठाकुर पतने राकेश सिंह की पुत्री वैष्णवी जो ब्लू बेल्स स्कूल जेल चौराहा में प्रथम क्लास की छात्रा है।जिसके पढ़ाई लिखाई के लिए झांसी के वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी ने आगे बढ़कर हौसला अफजाई किया और परिवार का सहारा बने



बच्ची की पढ़ाई लिखाई के साथ स्कूल की यूनिफार्म एवं स्टेशनरी की सारी व्यवस्था करके बच्चे के भविष्य को उज्जवल बनाने में अपना सहयोग दिया और आश्वासन दिया कि हमेशा पर परिवार के साथ खड़े रहेंगे। इस मौके पर संघर्ष सेवा समिति के धर्मेंद्र खटीक, राजू सेन, सुशांत गेडा, बसंत गुप्ता, राकेश अहिरवार, संदीप नामदेव, आसिफ सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।

# एनसीआर क्षेत्र में भारी बारिश, लोगों को मिली उमस से राहत

**नई दिल्ली।** एनसीआर के दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद आदि शहरों में गुरुवार रात भी बारिश हुई थी। हालांकि हल्की बारिश होने के बाद उमस बढ़ गई थी। शुक्रवार सुबह से बादल छाए हुए थे लेकिन बारिश नहीं हो रही थी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर भारी बारिश हो गई। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) वासियों को उमस से राहत मिल गई। एनसीआर के दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद आदि शहरों में गुरुवार रात भी बारिश हुई थी। हालांकि हल्की बारिश होने के बाद उमस बढ़ गई थी। शुक्रवार सुबह से बादल छाए हुए थे लेकिन बारिश नहीं हो रही थी। दोपहर में अचानक बारिश होने से लोगों को उमस से भारी राहत मिली है। हालांकि सड़क पर जलभराव होने से समस्या भी पैदा हो गई है।



# पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता दोषी करार, सीबीआई स्पेशल कोर्ट ने सुनाया फैसला

**नई दिल्ली।** सीबीआई की एक स्पेशल कोर्ट ने पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता व अन्य अधिकारियों पर शिकंजा कसा है। कोयला आवंटन घोटाले मामले में दोषी ठहराया है। दिल्ली से एक बड़ी खबर आ रही है। सीबीआई की विशेष अदालत ने पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता और अन्य अधिकारियों को कोयला आवंटन घोटाले मामले में दोषी करार दिया गया है। गुप्ता व अन्य अधिकारियों पर निजी कंपनी को महाराष्ट्र कोयला ब्लॉक के आवंटन में अनियमितताओं से संबंधित कोयला घोटाला मामले में आरोपी बनाया गया था। अदालत ने उक्त सभी पर लगाए गए सभी आरोप सही पाए। जिसको देखते हुए दोषी करार दिया है। बता दें कि, एचसी गुप्ता केंद्र की यूपीए सरकार में दो साल तक सचिव रहे। वे 2008 में रिटायर हो चुके हैं।



# प्रो0 राधाचरण गुप्त को मिला पर्ल्स ऑफ बुंदेलखंड सम्मान

(आधुनिक समाचार सेवा)
अतुल वर्मा

**झाँसी।** पर्ल्स ऑफ बुंदेलखंड समिति तथा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में संयुक्त रूप से प्रो. राधाचरण गुप्त को ठपर्ल्स ऑफ बुंदेलखंडठ से सम्मानित किया। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के गांधी सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम झांसी के मंडलायुक्त डॉ. अजय शंकर पांडे तथा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पांडे द्वारा उन्हें यह सम्मान दिया गया, राधाचरण गुप्त को सम्मान पत्र, शॉल और



श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. राधाचरण गुप्त की धर्मपत्नी सावित्री देवी को भी सम्मानित किया गया। इस सम्मान को प्राप्त करने वाले वह पहले नागरिक हैं, प्रो राधाचरण गुप्त को उनके द्वारा गणित के इतिहास के क्षेत्र में किए गए काम के लिए यह पुरुस्कार दिया गया। झाँसी के बड़ा बाजार इलाके में जन्मे राधाचरण गुप्त ने अपना पूरा जीवन गणित और गणित के इतिहास को समर्पित कर दिया है पिछले 70 सालों से वह इस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। गणित के इतिहास के क्षेत्र में कार्य करने के लिए उन्हें वर्ष 2009 में केनेथ ओ मे पुरुस्कार भी दिया जा चुका है, यह सम्मान प्राप्त करने वाले वह अभी तक एकमात्र भारतीय हैं। सम्मान प्राप्त करते हुए प्रो. राधाचरण गुप्त ने कहा कि वह गणित के इतिहास के लिए जन्मे हैं, उसके लिए जी रहे हैं और गणित के इतिहास के लिए ही देह त्यागुंगा, उन्होंने बताया कि आधुनिक गणित का पूरा इतिहास हमारे वेदों से लिया गया है लेकिन, युवा पीढ़ी इस बात से अनजान है। उन्होंने कहा कि हर चीज की वर्तमान परिस्थिति को जानने के लिए उसका इतिहास जानना बहुत जरूरी होता है यही नियम गणित के इतिहास पर भी लागू होता है। उन्होंने कहा कि वह कभी भी सम्मान की लालसा के लिए काम नहीं करते हैं आज भी उनका पूरा समय गणित के इतिहास को ही समर्पित है। इस अवसर पर मंडलायुक्त डॉ अजय शंकर पांडे ने कहा कि झांसी और बुंदेलखंड के लिए गौरव की बात है कि प्रो. राधाचरण गुप्त ने इस पावन धरा पर जन्म लिया उन्होंने बताया कि आईआईटी बॉम्बे द्वारा प्रो. गुप्ता को जन्मदिन मनाया जाता है। यह सम्मान चुनिंदा लोगों को ही प्राप्त है मंडलायुक्त ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय कुलपति से आग्रह किया की विश्वविद्यालय द्वारा प्रो. गुप्ता की शादी की सालगिरह को भव्य रूप से मनाया जाये। उनकी उपलब्धियों के बारे में विद्याथिर्यों को बताया जाये इससे युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वह भी गणित के क्षेत्र काम करने की योजना बनायेंगे। प्रो. राधाचरण गुप्त को सम्मानित करते हुए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मुकेश पाण्डेय ने कहा कि 400 से अधिक रिसर्च पेपर और 80 से अधिक किताबें लिखने के बाद भी प्रो. गुप्ता जिस सादगी से अपना जीवन व्यतीत करते हैं वह तारीफ के काबिल है। कुलपति ने बताया कि आईआईटी बॉम्बे द्वारा राधाचरण गुप्त के चुनिंदा रिसर्च पेपर को एकत्रित करके एक किताब के रूप में प्रकाशित किया गया है यह किताब गणित के क्षेत्र में एक मील का पत्थर है। उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही आईआईटी गांधीनगर द्वारा प्रो. राधाचरण गुप्त की सभी किताबों को डिजिटिलाइज भी किया जाएगा। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत करते हुए पर्ल्स ऑफ बुंदेलखंड के अध्यक्ष प्रो. मुनन तिवारी ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव का क्षण है जब बुंदेलखंड के अमूल्य धरोहर राधाचरण गुप्त को समिति द्वारा सम्मानित किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि समिति ऐसे ही अन्य कई विद्वान लोगों को सम्मानित करती रहेगी। पर्ल्स ऑफ बुंदेलखंड समिति हर उस व्यक्ति को पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है जिन्होंने बुंदेलखंड के लिए कार्य किया या बुंदेलखंड का नाम रोशन किया। समिती के सदस्य डॉ. बृजेश दीक्षित ने सभी प्रो. राधाचरण गुप्त के जीवन परिचय और उनकी उपलब्धियों से अवगत कराया। पर्ल्स ऑफ बुंदेलखंड समिति के सचिव प्रताप राज ने बताया कि प्रो. राधाचरण गुप्त का चयन एक लोकतांत्रिक और पारदर्शी प्रक्रिया के साथ किया गया समिति ने आम लोगों से गूगल फॉर्म के माध्यम से नॉमिनेशन मांगे थे। इसके बाद एक स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा उन सभी नामों में से प्रो. राधाचरण गुप्त को सम्मानित करने का निणन्य लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुपम व्यास तथा आभार शाश्वत सिंह ने ज्ञापित किया।

# काले सूट में कमर मटकाती नजर आईं सपना, डांस मूव्स ने इंटरनेट पर मचाया तहलका

**नई दिल्ली।** डांसिंग क्वीन सपना चौधरी लाखों दिलों की धड़कन हैं। उनकी दीवानगी लोगों के सिर चढ़कर बोलती है। सपना के फैंस उनका डांस देखने और उनके प्रोग्राम में जाने के लिए घंटों तक लाइनों में खड़े रहकर इंतजार करते हैं। देसी क्वीन भी अपने फैंस की दिली ख्वाहिश पूरी करने के लिए आए दिन स्टेज शोज करती रहती हैं और अपनी अदाओं से दर्शकों का दिल जीत लेती हैं। इतना ही नहीं उनके गानों का भी दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं और जैसे ही उनका गाना रिलीज होता है वह इंटरनेट पर तहलका मचा देता है। बीते काफी समय से सपना चौधरी अपने गाने 'कामिनी' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। ऐसे में अपने इसी गाने पर सपना जोरदार ठुमके लगाती नजर आ रही हैं। सपना का वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है। बीते काफी समय से समय चौधरी अपने गाने 'कामिनी' का जमकर प्रमोशन कर रही है। इसी क्रम में हरियाणवी



डांसर सपना चौधरी ने एक इवेंट में इस गाने पर जमकर डांस किया। 'कामिनी' पर सपना का थिरकना लोगों को खूब भाया और अब सपना के इस डांस परफॉर्मेंस का यह वीडियो इंटरनेट पर तहलका मचा रहा है। काले और हरे रंग के सलवार-सूट में सपना का हर एक मूव उनके फैंस के दिलों की धड़कन बढ़ा रहा है। इस वायरल होते डांस वीडियो में सपना अपने हाल ही में रिलीज हुए गाने 'कामिनी' पर कमर मटकाती दिख रही हैं। सपना का यह वीडियो देसी गीत यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया है। इस वीडियो को दर्शक रिपीट पर देख रहे हैं और अब तक इसे 587,619 व्यूज मिल चुके हैं। इस वीडियो में सपना का डांस देख फैंस उनके हर मूव की तारीफ कर रहे हैं। 'कामिनी' में सपना चौधरी का देसी अंदाज देखने को मिला है। इसकी शुरुआत गांव के एक घर से होती है।सपना चौधरी के साथ इस गाने में आमीन बरोडी दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में दोनों की केमिस्ट्री सभी को पसंद आ रही है। सपना की हर अदा पर फिदा रहने वाले उनके फैंस को उनका यह नखरीला अंदाज भी खूब भा रहा है।

# अनुराग कश्यप ने सनी लियोनी की गोद में बैठकर खिंचवाई फोटो

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस बोलीं- जो हुआ वो मैं..अभिनेत्री सनी लियोनी काफी समय से फिल्मी पर्दे से दूर हैं। वह वेब सीरीज 'अनामिका' में दिखाई दी थीं, जिसे दर्शकों ने ठीक-ठाक प्रतिक्रिया दी। लेकिन अब सनी लियोनी को निर्देशक अनुराग कश्यप के साथ काम करने का जा सकता है कि सनी सीढ़ियों पर बैठी हुई हैं और अनुराग सनी की गोद में बैठे हैं। इस दौरान अभिनेत्री के चेहरे पर स्माइल है और अनुराग विक्ट्री का साइन दिखा रहे हैं। इस तस्वीर के साथ सनी ने एक लंबा-चौड़ा कैप्शन दिया है, जिसमें उन्होंने अनुराग कश्यप के



मौका मिला है और इस बात की जानकारी सनी ने सोशल मीडिया के जरिए एक खूबसूरत तस्वीर शेयर करते हुए दी है। सनी ने फैंस के बीच एक मजेदार तस्वीर शेयर की, जिसमें अनुराग सनी की गोद में बैठे हुए हैं। सनी लियोनी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर शेयर की है, उसमें देखा साथ काम करने का सपना सच होने की बात कही है सनी लियोनी ने कैप्शन में लिखा, 'हां मेरी स्माइल इतनी लंबी इसलिए है क्योंकि सपने सच होते हैं। मैं कभी नहीं सोच सकती थी कि अनुराग कश्यप जैसा कोई मुझे एक मौका भी देखा। मेरी जर्नी शानदार रही है लेकिन इसे आसान नहीं कहा जा सकता है।

# 'मुझे कुछ हुआ तो नाना पाटेकर और होंगे जिम्मेदार', तनुश्री दत्ता के पोस्ट ने मचाया हंगामा

**नई दिल्ली।** साल 2018 में तनुश्री दत्ता ने सोशल मीडिया पर हैशटैग मीटू की शुरुआत करके हर किसी को चौंका दिया था, जिसमें अभिनेत्री ने नाना पाटेकर के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इसके बाद से ही तनुश्री लगातार अपने पोस्ट और इंटरव्यू के जरिए बॉलीवुड माफिया पर बोल रही हैं। वहीं, अब तनुश्री दत्ता ने अपने लेटेस्ट पोस्ट से बॉलीवुड के गलियारों में हलचल बढ़ा दी है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट शेयर किया है, जिसमें तनुश्री ने आरोप लगाते हुए कहा है कि कई लोग उन्हें टारगेट कर रहे हैं। तनुश्री दत्ता ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए लंबा चौड़ा कैप्शन लिखा है, जिसमें उन्होंने मीटू, नाना पाटेकर से लेकर सुशांत सिंह राजपूत तक का जिक्र किया है। अभिनेत्री ने लिखा, 'अगर मुझे कभी कुछ होता है तो बता दें कि क्ष्मीटू आरोपी नाना पाटेकर, उनके वकील, सहयोगी और उनके बॉलीवुड माफिया दोस्त जिम्मेदार हैं! कौन है बॉलीवुड माफिया? वही लोग जिनके नाम एसएसआर मौत के मामले में बार-बार सामने आए। (ध्यान दें कि सभी के पास एक ही आपराधिक वकील है)।' इसके आगे दो क्योंकि उन्होंने मुझे बहुत परेशान किया! कानून और न्याय ने भले ही मुझे फेल कर दिया है लेकिन मुझे इस महान राष्ट्र के लोगों पर विश्वास है।' बता दें कि तनुश्री दत्ता ने साल



तनुश्री दत्ता ने लिखा, 'उनकी फिल्में न देखें। उनका पूरी तरह से बहिष्कार करें। उन सभी इंडस्ट्री के चेहरे और पत्रकारों के पीछे जाओ, जिन्होंने मेरे और पीआर के बारे में फर्जी खबरें फैलाई हैं। वह भी उन लोगों के साथ अभियान में जुड़े हुए हैं। सबके पीछे पड़ जाओ। उनके जीवन को नर्क बना 2018 में भारत में मीटू की शुरुआत की थी। इस दौरान अभिनेत्री ने नाना पाटेकर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। अभिनेत्री के मुताबिक, साल 2009 में फिल्म 'हॉर्न ओके प्लीज' के एक गाने की शूटिंग के दौरान नाना पाटेकर ने तनुश्री के काफी करीब आने की कोशिश की थी।

# एचडी प्रिंट में लीक हुई 'विक्रांत रोणा', किच्चा सुदीप के साथ मेकर्स को भी लग सकता है झटका

**नई दिल्ली।** 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई 'विक्रांत रोणा' सोशल मीडिया पर छा गई है। लेकिन फिल्म को लेकर एक खबर सामने आ रही है, जिससे मेकर्स को बहुत बड़ा झटका लगने वाला है। साउथ और बॉलीवुड की आग भड़काने वाले साउथ अभिनेता किच्चा सुदीप इन दिनों अपनी जासूसी एक्शन थ्रिलर फिल्म 'विक्रांत रोणा' के कारण सुखिर्यां बटोर रहे हैं। उनके फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। आखिरकार किच्चा सुदीप की यह फिल्म बीते दिन यानी 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। 'विक्रांत रोणा' के सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होने के बाद से ही यह सोशल मीडिया पर छा गई थी। फिल्म को लेकर दर्शकों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं भी सामने आई। फिल्म को पहले दिन सभी भाषाओं में मिले रिस्पॉन्स के बाद जहां सबको लग रहा था कि फिल्म सुपरहिट होगी, वहीं ऐसा सोचने वालों के लिए एक बुरी खबर सामने आ रही है। इस खबर से न केवल फैंस को बल्कि फिल्म के मेकर्स को भी बड़ा झटका लग सकता है। बहुप्रतीक्षित 3डी फिल्म 'विक्रांत रोणा'अपने रिलीज के कुछ ही घंटो बाद ऑनलाइन लीक हो गई है।




मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अनूप भंडारी के निर्देशन में बनी यह फिल्म एचडी प्रिंट में बहुत सी पायरेटेड वेबसाइट्स पर रिलीज हो चुकी है। इन साइट्स में तमिल रॉकर्स, मूवी रूल्स और टोरंट जैसे नाम शामिल है। इस खबर के सामने आते ही फिल्म के फैंस और उनके साथ ही मेकर्स को भी तगड़ा झटका लगा है क्योंकि लीक होने का सीधा असर फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर पड़ेगा। कनन्ड़, तमिल, तेलुगू, मलयालम और हिंदी भाषाओं में रिलीज हुई इस फिल्म का निर्माण बहुत बड़े स्तर पर किया गया है। किच्चा सुदीप और जैकलीन फर्नांडिज स्टारर यह फिल्म करीब 95 करोड़ रुपये के बजट में बनाई गई है। ऐसे में भारी भरकम बजट के साथ बनी इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर हिट होने के लिए करीब 150 करोड़ रुपये का कारोबार करना बहुत जरूरी है। अब देखना यह होगा कि फिल्म कैसा कारोबार कर पाती है। वैसे यह पहली बार नहीं है कि कोई फिल्म ऐसे लीक हुई हो। इससे पहले भी कई फिल्में हैं, जो पायरेसी के जाल में फंस चुकी हैं। इनमें 'गंगूबाई काठियावाड़ी', 'गहराइयां', 'अतरंगी रे', 'सूर्यवंशी' और 'आरआरआर' जैसी कई बड़ी-बड़ी फिल्में शामिल हैं। आज के दौर में पायरेसी फिल्म इंडस्ट्री के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। फिल्म की कहानी एक ऐसे पुलिस इंस्पेक्टर के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो अपनी फोर्स के एख पुलिस ऑफिसर के मर्डर को सुलझाने के लिए कुछ भी करने को तैयार है।

# प्रेग्नेंट हैं बिपाशा बसु करण ग्रोवर के घर जल्द आने वाला है नन्हा मेहमान

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के गलियारों से इन दिनों एक बड़ी खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक करण ग्रोवर की पतनी बिपाशा बसु प्रेगनेंट हैं। दोनों बहुत जा रही है कि बहुत जल्द दोनों इस बात का एलान करने वाले हैं। बिपाशा की प्रेगनेंसी की खबर सुनकर फैंस बेहद उत्साहित हैं । बता दें कि दोनों की शादी को छह



जल्द अपने पहले बच्चे का वेलकम करने के लिए तैयार हैं। हालांकि अभी तक कपल ने इस बात को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन उम्मीद जताई साल हो चुके हैं और अब उनके घर किलकारियां गूंजने वाली हैं। बिपाशा और करण की शादी अप्रैल 2016 में हुई थी। शादी के छह साल बाद भी दोनों एक-दूसरे से बेहद प्यार करते हैं और यही वजह है कि दोनों आइडियल कपल भी माने जाते हैं। करण और बिपाशा फैंस को रिलेशनशिप गोल्स देते नजर आते हैं। दोनों की जोड़ी को लोग भी खूब पसंद करते हैं। माता-पिता बनने की बात को लेकर करण और बिपाशा दोनों ही बेहद उत्साहित हैं। बिपाशा और करण अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी रोमांटिक तस्वीरें पोस्ट करते रहते हैं। बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर की पहली मुलाकात भूषण पटेल की फिल्म अलोन के सेट पर हुई थी। इस फिल्म में भी उनकी केमिस्ट्री को बेहद पसंद किया गया था। साल 2015 में दोनों ने डेटिंग शुरू की और अगले साल शादी कर ली थी। बिपाशा और करण ने अभी प्रेग्नेंसी खबरों पर मुहर नहीं लगाई है, इसलिए ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार है। वर्कफ्रंट की बात करें तो 2015 के बाद बिपाशा स्क्रीन पर नजर नहीं आई हैं। 2020 में उनको वेब सीरीज 'डेंजरस' में देखा गया था। वहीं करण आखिरी बार सीरियल 'कबूल है' में नजर आए थे।

# 48 की उम्र में भी मलाइका की स्ट्रेचिंग कर देगी हैरान

**नई दिल्ली।** वीडियो देख फैंस भी कर रहे सैल्यूटमलाइका अरोड़ा को योगा करते देख फैंस बहुत हैरान हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनका यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। बॉलीवुड की स्टाइलिश और ग्लैमरस अभिनेत्रियों में शुमार मलाइका अरोड़ा अक्सर किसी न



किसी कारण से लाइमलाइट में बनी रहती हैं। मलाइका उन अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्होंने अपनी बढ़ती उम्र को कभी भी अपने स्टाइल के आड़े नहीं आने दिया। अभिनेत्री अपनी फिटनेस की वजह से आज की युवा अभिनेत्रियों को कड़ी टक्कर देती हैं। अक्सर सोशल मीडिया पर अपने फिटनेस वीडियोज और फोटोज साझा करने वाली मलाइका को लोग बहुत पसंद करते हैं। सोशल मीडिया पर उनकी लाखों की फैन फॉलोइंग इस बात का सबूत है कि वह दर्शकों के दिलों में एक खास जगह रखती हैं। इतना ही नहीं उनके वर्कआउट वीडियोज लोगों को खूब प्रोत्साहित भी करते हैं। एक बार फिर अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर अपना एक वर्कआउट वीडियो साझा किया है, जिसे देख फैंस के रोंगटे खड़े हो गए हैं। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली मलाइका अरोड़ा आए दिन अपने वर्कआउट की फोटो और वीडियो फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वर्कआउट वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में ऐसा कुछ करती नजर आ रही हैं, जिसने सभी को चौंका दिया है। वीडियो में मलाइका अपने योगा इंस्ट्रक्टर के साथ योग करती दिख रही हैं। मलाइका इसमें बहुत ही आसानी से अपनी फुल बॉडी स्ट्रेच करती नजर आ रही हैं। उनकी बॉडी की इतनी फ्लैसिबलिटी देख हर कोई हैरान है। मलाइका यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फैंस को उनका यह फिटनेस रूटीन देख सभी को अचंभा हो रहा है। फैंस उनकी इस वीडियो पर लगातार कमेंट कर रहे हैं। वह वीडियो पर उनकी की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक फैन ने लिखा, ' मुझे यकीन नहीं हो रहा कि आप 45 है।'

# बॉलीवुड फिल्मों को केआरके ने बताया वाहियात, कहा- बहुत जल्द खत्म हो जाएगा

**नई दिल्ली।** केआरके उर्फ कमाल राशिद खान ने अक्सर बॉलीवुड फिल्मों पर कमेंट करते रहते हैं। इस बार उन्होंने कहा है कि बहुत जल्द साउथ सिनेमा बॉलीवुड की जगह ले लेगा। एक्टर और क्रिटिक केआरके उर्फ कमाल राशिद खान



हमेशा अपने बड़बोलेपन के लिए जाने जाते हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वह बॉलीवुड की हर नई फिल्म का रिव्यू देते हैं, लेकिन ये भी सच है कि केआरके ज्यादातर फिल्मों में कमियां निकालने की वजह से ट्रोल भी होते हैं। इतना ही नहीं, केआरके बॉलीवुड के अभिनेताओं को घेरने का भी एक मौका नहीं छोड़ते हैं। एक बार वह फिर अपने ट्वीट को लेकर चर्चा में आ गए हैं। उन्होंने हाल ही में रिलीज हो रहीं बॉलीवुड की फिल्मों को घटिया और वाहियात बताया है। बॉलीवुड को कहा घटिया हाल ही में केआरके ने एक ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने कहा है- बॉलीवुड के लोग अपनी गलतियां मानने को तैयार नहीं हैं और जनता पर उनकी वहियात घटिया फिल्में न देखने का आरोप लगा रहे हैं। अगर वे अपनी गलतियों को स्वीकार नहीं कर सकते तो वे सुधार भी नहीं कर सकते और अच्छी फिल्में नहीं बना सकते हैं। इसका मतलब यही है कि बहुत जल्द साउथ सिनेमा बॉलीवुड की जगह ले लेगा और बॉलीवुड खत्म हो जाएगा। केआरके की इस बात का लोग भी सपोर्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा, 'केआरके भी कभी-कभी अच्छी बातें कर लेते हैं'। वहीं दूसरे ने कहा, 'इसे खत्म कर दिया जाना चाहिए, जिससे लोगों का पैसा बचेगा'। एक अन्य शख्स ने बॉलीवुड को लेकर कहा, 'मैं हैरान हूं कि वो कहते हैं...आप थियेटर में जाकर फिल्म देखें और तब फैसला लें कि मूवी अच्छी है या नहीं...उन्हें लगता है पब्लिक बेवकूफ है'। आमिर खान की फिल्म को बताया था बेकार इससे पहले केआरके ने अक्षय कुमार की रक्षाबंधन को बढ़िया और आमिर खान की लाल सिंह चड्ढा का सपोर्ट नहीं करने के लिए कहा था। केआरके ने अपने ट्विटर अकाउंट से एक ट्वीट किया थी। जिसमें उन्होंने लिखा था, 'मैने कई बार कहा है कि मेरे लिए खान, कपूर, कुमार सभी एक जैसे है। मैं अभिनेताओं, निर्देशकों की जाति और धर्म के कारण किसी फिल्म का समर्थन नहीं करता मैं सिर्फ अच्छी फिल्मों को सपोर्ट करता हूं।

# देशद्रोह के आरोपी उमर खालिद को प्रकाश राज ने बताया सुप्रीम हीरो

**नई दिल्ली।** लिखा- मुझे गर्व है कि मैं...अभिनेता प्रकाश राज न केवल अपनी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं, बल्कि अपने 'हैशटैग जस्ट आस्किंग' सीरीज के लिए भी जाने जाते हैं। दरअसल अभिनेता 'हैशटैग जस्ट आस्किंग' कैम्पेन के तहत बॉलीवुड से लेकर राजनीतिक मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करते हीरो' बता रहे हैं। प्रकाश राज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट उमर खालिद का वीडियो रीशेयर करते हुए लिखा, 'हमारे समय का सुप्रीम हीरो। मुझे गर्व है कि मैं इन्हें जानता हूं।' बता दें कि अभिनेता ने अपने कैप्शन के साथ 'फ्री उमर खालिद', 'फ्री ऑल पॉलिटिकल प्रिजनर्स (सभी



रहते हैं। इस बार भी उन्होंने कुछ ऐसा ही किया। एक तरफ जहां जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद हाईकोर्ट से जमानत पाने की जद्दो-जहद में लगे हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ प्रकाश राज ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर उन्हें 'अपने समय का सुप्रीम राजनीतिक कैदियों को मुक्त करें)' और 'जस्ट आस्किंग' हैशटैग का इस्तेमाल किया है। प्रकाश राज द्वारा शेयर किए गए वीडियो में उमर खालिद अपने भांजे से मुलाकात करते हुए नजर आ रहे हैं। जिस यूजर ने उमर खालिद का यह वीडिया शेयर किया है, उसने जेएनयू के पूर्व छात्र का सपोर्ट करते हुए लिखा, 'हम इस बच्चे को क्या बताने जा रहे हैं कि उसके मामू को क्यों कैद किया जा रहा है? कि उसका मामू एक अच्छा इंसान है जो असहाय के लिए लड़ता है? कि वह बेहतर जीवन के लिए अमेरिका जा सकता था लेकिन उसने रहने का फैसला किया क्योंकि वह कम भाग्यशाली को पीछे नहीं छोड़ सका उच्च न्यायालय ने खालिद से 21 फरवरी, 2020 को अमरावती में अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने के मामले में पूछताछ की थी। जिसके बाद खालिद को 13 सितंबर, 2020 को गिरफ्तार कर लिया गया था और तब से वह हिरासत में है। खालिद, शरजील इमाम, और कई अन्य लोगों पर आतंकवाद विरोधी कानून गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत कथित तौर पर फरवरी 2020 के दंगों के मास्टरमाइंड होने के लिए मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा उमर खालिद पर हिंसा भड़काने का आरोप है जिसके कारण दिल्ली में सीएए, एनआरसी के विरोध के बाद दंगे हुए। खालिद के खिलाफ चार्जशीट में हथियारों के इस्तेमाल और हिंसा के दौरान हमले के तरीके का जिक्र है जो आतंकी कृत्य की ओर इशारा करता है। दस्तावेज में कहा गया है कि विरोध का प्रयास 'भारत की एकता और अखंडता' को बाधित करना था।

# सड़क किनारे अजीबो-गरीब हरकत कर नेटिजन्स के निशाने पर आईं उर्फी

**नई दिल्ली।** यूजर्स बोले- इतना पागल कोई.अपनी अजीबो-गरीब फैशन सेंस और बोल्डनेस के लिए आए दिन ट्रोल होने वाली उर्फी का एक नया वीडियो सामने आया है। अब इस नए वीडियो की वजह से भी उर्फी को सोशल मीडिया पर इस वीडियो में उनके अतरंगी फैशन के बजाय कुछ ऐसा दिख रहा है, जो फिर सोशल मीडिया पर उनके ट्रोल होने का कारण बन गया है। सोशल मीडिया पर बोल्ड फोटोज और वीडियोज के लिए छाई रहने वाली उर्फी का एक नया वीडियो



ट्रोल किया जा रहा है। बिग बॉस ओटीटी से चर्चाओं में आईं उर्फी जावेद अपने फैशन सेंस को लेकर अक्सर सुखिर्यां बटोरती रहती हैं। उनकी हर छोटी से छोटी हरकत भी इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो जाती है। वह आए दिन अपने लुक के साथ कुछ न कुछ नया और अनोखा कर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। हम उर्फी को प्लास्टिक से लेकर ब्रेड, सेफ्टी पिन तक के कपड़े पहने देखा चुके हैं। वह इसी तरह के अजीबो-गरीब कपड़े पहनकर अक्सर मुंबई की सड़कों पर घूमती फिरती नजर आ जाती हैं। अपनी अजीबो-गरीब फैशन सेंस और बोल्डनेस के लिए आए दिन ट्रोल होने वाली उर्फी का एक नया वीडियो सामने आया है। सामने आया है। यह वीडियो गुरुवार रात का है, जब वह फिर से मुंबई की सड़कों पर अपने गर्ल गैंग के साथ सैर करने निकली थीं। इस दौरान हमेशा की तरह उर्फी को पैपराजी ने घेर लिया। तब उर्फी ने कार की विंडो सीट से बाहर निकलते हुए पैपराजी से हंसते-हंसते पूछा, 'क्या करूं मैं गाड़ी के ऊपर चढ़ जाऊं मैं पागल हो गए हो यार। फिर उर्फी अंदर अपनी सीट पर बैठती हैं और वहां से चली जाती हैं।' वीडियो देखकर साफ पता लग रहा है कि उर्फी बहुत ज्यादा खुश हैं। वह कुछ ज्यादा ही ओवर एक्साइटिड लग रही थीं। इसी एक्साइटमेंट के चक्कर में उर्फी फिर एक बार नेटिजन्स के निशाने पर आ गई हैं। सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि उर्फी ने ड्रिंक कर रखी है इसलिए वह इस तरह से बिहेव कर रही हैं। उर्फी के इस वीडियो पर कमेंट करते हुए नेटिजन्स ने उन्हें बावली, इरिटेटिंग, ओवरएक्टिंग की दुकान, नौटंकी और पता नहीं क्या-क्या बुला रहे हैं। यहां तक की कुछ तो उनके पीने पर कमेंट कर रहे हैं। एक ने लिखा,'ज्यादा पी ली है क्या।' दूसरा लिखता है,' कोई इतना पागल कैसे हो सकता है।इन कमेंट्स के साथ-साथ लोग उर्फी की आवाज को भी निशाना बना रहे हैं। इस वीडियो में उनकी आवाज को बहुत बहुत ज्यादा खराब लग रही है। लेकिन उर्फी हजार बार बता चुकी हैं कि उन्हें इन चीजों से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। वह वही करती हैं, जिसे करने का उनका मन करता है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

आधुनिक समाचार
हिन्दी दैनिक



# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?


**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।








स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।




आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।






## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रस्तावित व्यवसायो मे अगस्त 2021मे प्रारम्भ होने वाले सत्र मे प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी०सी०ए०), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कण्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी०एन०सी० प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया मे प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय मे सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

visit us at : www.nainiiti.com

प्रवेश कार्यालय :- तुल्सीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करे :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274